ज्ञानामृत

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

▶▶ महाभारत

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, सोमवार, 30 जून 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 176 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### पुरी रथयात्रा के दौरान भगदड़ में 3 की मौत, 100 से ज्यादा घायल

**पुरी, एजेंसी।** ओडिशा के पुरी में चल रही जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान रविवार अल सुबह गुंडिचा मंदिर के करीब भगदड़ मच गई। इसमें तीन लोगों की मौत और 100 से ज्यादा लोग घायल होने की जानकारी सामने आई। मरने वालों में



दो महिलाएं हैं। हादसा सुबह 4:30 बजे हुए जब भगवान के रथ को खींचा जा रहा था। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा हो गए। रथ तक पहुंचने में कुछ श्रद्धालु नीचे गिर गए और भगदड़ मच गई। इस दौरान तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं प्रभाती दास और बसंती साहू हैं और एक 70 वर्षीय बुजुर्ग प्रेमाकांत मोहंती हैं। जानकारी के मुताबिक श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने के कारण पुलिस भी उन्हें कंट्रोल नहीं कर पाई। हादसे में घायल कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### देश की 8वीं जनगणना के पहले चरण का आगाज अप्रैल 2026 से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने आगामी जनगणना 2026 के पहले चरण की तारीख तय कर दी है। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त श्री मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र



लिखकर बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरणङ्क मकान सूचीकरण काम जिसे हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) भी कहा जाता है। इसमें हर घर की स्थिति, सुविधाएं और संसाधनों की जानकारी ली जाती है। वहीं दूसरा चरण- जनसंख्या गणना का है, यह चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें हर व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक जानकारी ली जाएगी।

### भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे कई जगह बंद, हजारों श्रद्धालु फंसे

**बड़कोट(उत्तरकाशी), एजेंसी।** यमुनोत्री धाम की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली, राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारी बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे समेत कई जगह रास्ते बंद



हैं। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चार धाम यात्रा को अगले 24 घंटों के लिए स्थगित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में तीर्थयात्रियों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से श्रद्धालुओं को क्षेत्र की स्थिति से अवगत करवाते हुए गंगोत्री की ओर भेजा जा रहा है। वहीं, यमुनोत्री धाम की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली, राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हुए हैं।

### सेंसेक्सः नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.34 लाख करोड़ बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच




सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 69,556.91 करोड़ रुपये बढ़कर 20,51,590.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 51,860.65 करोड़ रुपये बढ़कर 11,56,329.94 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## स्मार्ट क्लास में बच्चों मुख्यमंत्री साय ने दिए स्मार्ट टिप्स

# ‘बच्चों पढ़ाई ठीक से करना है तो मोबाइल ज्यादा नहीं देखना’



**विजय मत, ब्यूरो जशपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को जशपुर जिले के कांसाबेल के बगिया हाईस्कूल में नन्हें बच्चों के बीच बैठकर स्मार्ट क्लास-रूम से रू-ब-रू हुए। वे ‘सम्पर्क स्मार्ट स्कूल’ कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कक्षा तीसरी और चौथी की बालिकाओं के बीच बैठे और बड़ी आत्मीयता से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री साय ने बगिया में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली डॉली गुप्ता से उसका और उसके गांव का नाम पूछकर दुलारते हुए कहा, ‘पढ़ाई ठीक से करना है न तो मोबाइल ज्यादा नहीं देखना। उन्होंने सभी बच्चों को मोबाइल ज्यादा नहीं देखने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार संपर्क फाउंडेशन के सहयोग से जशपुर जिले के 50 प्राथमिक शालाओं में ‘सम्पर्क स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक’ कार्यक्रम संचालित कर रही है। शासकीय स्कूलों को निजी स्कूलों से बेहतर बनाने और कक्षा में सीखने की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत संपर्क फाउंडेशन सभी स्कूलों को निःशुल्क टीवी सेट और सम्पर्क टीवी स्मार्ट स्कूल किट प्रदान करेगा। राज्य शासन की इस पहल से करीब 3200 बच्चों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इन स्कूलों में कार्यरत 120 शिक्षकों को टीचिंग-लर्निंग मटेरियल्स उपलब्ध कराने के साथ ही संपर्क की प्रभावी शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगिया में ‘सम्पर्क स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक’ के शुभारंभ की सराहना करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों के सीखने की क्षमता को बढ़ाना है। ‘स्मार्ट स्कूल्स, स्मार्ट ब्लॉक्स’ कार्यक्रम स्कूलों में पढ़ना और पढ़ाना आसान बनाएगा। यह पहल बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करेगी। यह शिक्षकों को प्रशिक्षित कर शिक्षण प्रक्रिया को व्यवस्थित और सरल बनाएगी, जिससे क्लास-रूम में पढ़ाई बच्चों के लिए आनंददायक बन सके। ये संसाधन वैश्विक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित हैं, जो एससीईआरटी और निपुण भारत के लक्ष्यों के अनुरूप है।

## मन की बात में दिखी उभरते भारत की तस्वीर

# पीएम ने याद दिलाया आपातकाल बताया योग से राष्ट्र का नया अध्याय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘मन की बात’ के 123वें एपिसोड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र करते हुए देशवासियों को एकजुटता, आत्मबल और प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र की रक्षा में जनसामान्य के संघर्ष को याद किया और कई जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वभर में करोड़ों लोगों ने भागीदारी की। उन्होंने विशाखापत्तनम में समुद्र तट पर तीन लाख लोगों द्वारा एकसाथ योग और दो हजार आदिवासी छात्रों द्वारा 108 सूर्य नमस्कार जैसे आयोजनों को विशेष बताया। हिमालय की बर्फीली चोटियों पर आईटीबीपी के जवानों से लेकर वडनगर में 2121 लोगों द्वारा सामूहिक भुजंगासन और न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो जैसे शहरों में हुए आयोजन योग के वैश्विक प्रभाव का प्रतीक बने। इस वर्ष की थीम ‘एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य’ को उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की भावना से जोड़कर बताया।



**धार्मिक यात्राएं, श्रद्धा से सेवा तक...** पीएम मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का उल्लेख करते हुए तीर्थयात्राओं को शरीर-मन की शुद्धि और सेवा भावना का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्राएं ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’ की भावना को सुदृढ़ करती हैं और इनसे जुड़े सेवा कार्य सच्चे सामाजिक समर्पण के उदाहरण हैं।

**आपातकाल पर तीखी टिप्पणी...** प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि न्यायपालिका को भी नियंत्रित करने की कोशिश की गई थी। जॉर्ज फर्नांडिस को जंजीरों में बांधना, छात्रों की गिरफ्तारी और मीसा के तहत दमन ङ्क सब कुछ लोकतांत्रिक मूल्यों पर कुठाराघात था। उन्होंने कहा कि अंततः जनता की जीत हुई और आपातकाल थोपने वाले हार गए।

**सामाजिक सुरक्षा में बड़ी छलांग...** मोदी ने बताया कि 2015 तक देश में 25 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़े थे, जो अब बढ़कर 95 करोड़ हो गए हैं। ङ्घ॥ह्र द्वारा भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित किए जाने को उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत का परिणाम बताया। अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत की 64% आबादी को सामाजिक सुरक्षा मिल रही है।

## तेलंगाना दौरे पर दिखा गृहमंत्री का तीखा अंदाज

# ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठना हमारे जवानों के बलिदान का अपमान : शाह

**तेलंगाना, एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर करारा हमला बोला है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मनों को करारा जवाब दिया, तब भी राहुल गांधी सवाल उठाते रहे। यह हमारे जवानों के बलिदान का अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल उठाना देश की सुरक्षा नीति को कमजोर करने जैसा है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से एक हजार सवाल तैयार

**विजय मत, रायपुर**

विधानसभा का आगामी मानसून सत्र सियासी हलचल और तीखी बहसों से भरा रहने वाला है। 14 जुलाई से शुरू होने जा रहे पांच दिवसीय सत्र के लिए अब तक विधायकों ने करीब एक हजार सवाल लगाए हैं। खास बात यह है कि इन सवालों में सिर्फ विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष के विधायक भी सरकार से जवाब मांग रहे हैं। विधानसभा सचिवालय को प्राप्त सवालों में कानून-व्यवस्था, योजनाओं में भ्रष्टाचार, शासकीय कार्यों में लापरवाही, स्थानीय समस्याएं और योजनाओं की विफलता जैसे मुद्दे प्रमुखता से शामिल हैं। विपक्ष की रणनीति स्पष्ट है। वह सत्र के हर दिन सरकार को घेरे रखने के मूड में है।




## रूस का सबसे बड़ा हवाई हमला

# यूक्रेन पर एक रात में दागे 500 मिसाइल-ड्रोन, एफ 16 ध्वस्त व पायलट ढेर

**यूक्रेन, एजेंसी**



रूस का सबसे बड़ा हवाई हमले में यूक्रेन लड़ाकू विमान ध्वस्त कर दिया और पायलट सहित 7 दुश्मन ढेर कर दिया। यूक्रेन ने बताया कि एक स्न-16 लड़ाकू विमान रूस के भीषण मिसाइल और ड्रोन हमले में गिर गया। यह हमला रूस द्वारा अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला बताया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों का प्रयोग किया गया। रूस ने एक ही रात में 500 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें यूक्रेन के पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य हिस्सों पर दागीं। हमले में 477 ड्रोन और डिकॉय (झांसा देने वाले उपकरण) और 60 मिसाइलें शामिल थीं। यूक्रेनी वायुसेना ने इनमें से 249 हवाई लक्ष्यों को मार गिराया और शेष को इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के जरिए निष्क्रिय किया गया। कम से कम छह नागरिक घायल हुए हैं और कई घर व बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि पायलट ने हमले के दौरान 7 हवाई लक्ष्यों को मार गिराया।

## साइलेंट अटैक से गई एक और जान

# क्रिकेट मैदान का दुखद वीडियो वायरलः छक्का मारते ही बल्लेबाज को आया हार्ट अटैक, मौत

**फिरोजपुर, एजेंसी**

पंजाब के फिरोजपुर में क्रिकेट मैच के दौरान एक बल्लेबाज को हार्ट अटैक आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि युवक बल्लेबाजी कर रहा है और एक बॉल पर सिक्स भी लगाया। लेकिन इसके बाद वह जमीन पर बैठ गया। जब तक साथी खिलाड़ी कुछ समझ पाते, तब तक युवक जमीन में ही लेट गया। हालांकि, इसके बाद फील्ड में मौजूद अन्य साथी खिलाड़ी उसके पास पहुंचे और सीपीआर दी। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी मौत हो गई। इस घटना से अन्य खिलाड़ियों में सनसनी फैल गई। पूरा मामला फिरोजपुर के गुरुहर सहाये का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह क्रिकेट खेलते समय छक्का मारने के बाद खिलाड़ी हरजीत सिंह को हार्ट अटैक आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।



हरजीत सिंह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। घटना डीएवी स्कूल के ग्राउंड की है। इस घटना का वीडियो साथ खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों ने कैमरे में कैद कर लिया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि हरजीत सफेद और ब्लैक रंग की टीशर्ट पहने हुआ है। बल्लेबाजी के दौरान उसने एक लंबा सिक्स लगाया और जमीन में बैठ गया। इसके बाद सीने में दर्द के कारण लेट गया। साथी खिलाड़ियों द्वारा उसे सीपीआर दिया गया। लेकिन बचाया नहीं जा सका।

## बिहार चुनाव... प्रदेश से कांग्रेस के चार नेताओं को मिली जिम्मेदारी

**विजय मत, रायपुर**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में जुटी कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने राज्य के लिए 58 ऑब्जर्वर (निरीक्षक) नियुक्त किए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के 4 नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ से जिन नेताओं को बिहार चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाया गया है, उनमें पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, संगठन से जुड़े नेता दीपक मिश्रा और वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर बघेल का नाम शामिल है। कांग्रेस ने इन सभी नेताओं को बिहार के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी संगठन को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर बूथ मैनेजमेंट सुनिश्चित करने और स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट कर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है।

## एटम बम बनाने के लिए ईरान के पास यूरेनियम मौजूदः IAEA

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूएन की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (IAEA) ने रविवार को कहा कि ईरान कुछ महीनों में अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू कर सकता है। IAEA डायरेक्टर राफेल ग्रॉसी ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि ईरान की कुछ न्यूक्लियर फैसिलिटी अभी भी बची हुई हैं। ग्रॉसी ने कहा- ईरान के पास 60% प्योर यूरेनियम का भंडार है, जो एटम बम बनाने के लिए काफी है। इस भंडार को अमेरिकी हमले से पहले हटा दिया गया था या फिर ये तबाह हो गया, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। इजराइल ने 13 जून को ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए थे। बाद में अमेरिकी ने बी-2 बॉम्बर से हमला कर ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान न्यूक्लियर साइट्स को तबाह करने का दावा किया था।



# यूजीसी ने आईआईटी, आईआईएम और एएमयू समेत 89 संस्थानों को किया डिफॉल्टर घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन ने एंटी-रैगिंग नियमों की अनदेखी पर कड़ा रुख अपनाते हुए देशभर के 89 संस्थानों को डिफॉल्टर घोषित किया है। इनमें आईआईटी-बॉम्बे, आईआईटी-खड़गपुर, आईआईएम रोहतक, एएमयू जैसे देश के प्रमुख संस्थान शामिल हैं। यूजीसी के अनुसार, इन संस्थानों ने छात्रों और संस्थानों की अनिवार्य एंटी-रैगिंग घोषणाएं अब तक सबमिट नहीं की हैं, जो कि रैगिंग विरोधी विनियम, 2009 के अंतर्गत जरूरी है। आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी पलक्कड़, आईआईएम बॉम्बे, आईआईएम रोहतक, आईआईएम तिरुचिरापल्ली, एम्स रायबरेली, एनआईडी दिल्ली, एनआईडी आंध्र प्रदेश, एनआईडी हरियाणा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू), इग्नू, नालंदा विश्वविद्यालय, आईएसआई कोलकाता, एनआईपीईआर हैदराबाद (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन्स्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च), यूजीसी सचिव मनीष जोशी के अनुसार, ÷इन संस्थानों को पहले भी कई बार एडवाइजरी, हेल्पलाइन कॉल और डायरेक्ट इंटरवेंशन के जरिए सूचित किया गया, लेकिन फिर भी नियमों का पालन नहीं हुआ। यूजीसी ने इन संस्थानों को चेतावनी दी है कि यदि 30 दिनों के भीतर नियमों का पालन नहीं किया गया, तो यूजीसी फंडिंग, रिसर्च प्रोजेक्ट्स और मान्यता/संस्थागत संबद्धता तक रद्द की जा सकती है।




## विजय मत एंकर — 1 जुलाई से होने जा रहे बड़े बदलाव, आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर

# कल से बदल रहे रेल किराये से लेकर क्रैडिट-पैन कार्ड के नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देशभर में 1 जुलाई 2025 से कई महत्वपूर्ण नियमों में बदलाव होने जा रहा है, जिनका सीधा असर आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी और खर्चों पर पड़ेगा। इनमें पैन कार्ड से लेकर बैंकिंग, रेलवे टिकट बुकिंग, गैस सिलेंडर की कीमत और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम शामिल हैं। इन नए प्रावधानों के लागू होते ही आपकी जेब पर बोझ बढ़ सकता है या कुछ मामलों में राहत भी मिल सकती है।

रेलवे मंत्रालय 1 जुलाई 2025 से मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में एसी और नॉन-एसी क्लास का किराया बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, नॉन-एसी (स्लीपर, सेकंड सीटिंग आदि) श्रेणियों में 1 पैसा और सभी एसी क्लास में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से किराया बढ़ाया जा सकता है। 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए सेकंड क्लास ट्रेन टिकट की कीमतों और एमएसटी में कोई बदलाव नहीं होगा। लेकिन अगर 500 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करनी है, तो फिर यात्री को प्रति किलोमीटर आधा पैसा देना होगा।




### तत्काल टिकट बुकिंग पर सख्ती

अब तत्काल टिकट सिर्फ उन्हीं यात्रियों को मिलेगा जिनका आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से लिंक है। जुलाई से ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण जरूरी होगा, जो आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आएगा। रेलवे एजेंट तत्काल बुकिंग शुरू होने के पहले 30 मिनट तक टिकट नहीं बुक कर पाएंगे।

### पैन कार्ड नियमों में बदलाव

आधार कार्ड अनिवार्य- अब 1 जुलाई से नए पैन कार्ड के लिए आवेदन करने पर आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा। यह नियम सीबीडीटी द्वारा लागू किया गया है। यदि आपके पास पहले से पैन और आधार दोनों हैं, तो इन्हें लिंक करना भी जरूरी है। इसके लिए 31 दिसंबर, 2025 तक का समय दिया गया है।

कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ

# रमन सिंह व उप मुख्यमंत्री साव की मौजूदगी में 39 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

**विजय मत, राजनांदगांव**



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शनिवार को डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी प्रांगण में 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में सीटी स्केन, डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। डॉ. सिंह ने कहा कि आज डोंगरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्य के लिए 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रुपए की लागत के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्य किया गया है। इससे क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वायशेप ओवरब्रिज के निर्माण से नागरिकों को बहुत सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र का विकास कर पूरा देश विकास की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है। भारत 2 से 3 वर्ष में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीगसढ़ में 21 क्विंटल धान की खरीदी, दो वर्ष का बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने डोंगरगढ़ क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के ईलाज के लिए आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर की शुरूआत की है। इससे ईलाज के लिए अब रायपुर और राजनांदगांव जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सेवा एवं पुनीत का कार्य है। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। धर्मार्थ चिकित्सालय में आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू करना बहुत अच्छा कार्य किया है। इससे आसपास के क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में चिकित्सा सुविधा मिल जाएगी। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू होने से क्षेत्रवासियों को सस्ते दर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ा कार्य ट्रस्ट ने किया है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार मोदी एक-एक गारंटी को पूरा करने का कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक शहर सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बने इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निकायों को बराबर रूप से विकास के लिए राशि का वितरण कर रही है। लोक निर्माण विभाग सडकों, भवनों का निर्माण तेज गति से कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रसाद योजना के तहत श्री यंत्र के साथ डोंगरगढ़ में विभिन्न विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30 किलोमीटर के भीतर अमृत स्टेशन का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज वायशेप पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन एवं अन्य विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है। इसके लिए उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्षसचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, दिनेश गांधी, सौरभ कोठारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनील गट्टानी, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी, समाज प्रमुख, नगरवासी उपस्थित थे।

# राजस्व कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने उपमुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

**विजय मत, कवर्धा**



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के कबीरधाम प्रवास के दौरान कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की जिला इकाई द्वारा तहसीलदारों एवं राजस्व अमले को फील्ड स्तर पर कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ द्वारा बताया गया कि सीमित कर्मचारी संसाधनों एवं तकनीकी उपकरणों की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। संघ ने आग्रह किया कि इन जमीनी समस्याओं के निराकरण से प्रशासनिक कार्यों में अधिक पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता लाई जा सकती है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों की सेवा भावना और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शासन आमजन को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

# 200 युवाओं को मिल रही निःशुल्क पीएससी एवं व्यापम कोचिंग

कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब आसान और सुलभ हो गई है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता से शुरू हुआ भोरमदेव विद्यापीठ संस्थान युवाओं के सपनों को पंख दे रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के मंशानुरूप सीएसआर मद और दिल्ली की प्रतिष्ठित आईएएस एकेडमी के सहयोग से संचालित इस संस्थान में 200 प्रतिभाशाली युवाओं (100 पीएससी एवं 100 व्यापम अभ्यर्थी) को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। जहां पहले पीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को रायपुर, बिलासपुर या दिल्ली का रुख करना पड़ता था, वहीं अब उन्हें अपने ही जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ शिक्षकों की मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।

दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक सौरभ चतुवेर्दी ने बताया कि भोरमदेव विद्यापीठ कोचिंग एक ऐसा संस्थान है जहां आधुनिक तकनीकों, सुविधाजनक वातावरण और अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा की प्रभावी तैयारी करवाई जा रही है। यहां एयर कंडीशन्ड कक्षाओं, डिजिटल बोर्ड, स्मार्ट क्लासेज, पुस्तकालय और स्वच्छ कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को बड़े शहरों जैसी सुविधा और माहौल प्राप्त हो रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन दिल्ली आईएएस एकेडमी के वरिष्ठ शिक्षक श्री प्रशांत एवं श्री देव द्वारा किया जा रहा है।

## सार समाचार

### हम सब खाली जगह पर पौधा रोपित करें -ग्रीन कमांडो वीरेन्द्र सिंह

**बालोद /विजय मत।** दल्ली राजहरा के ग्रीन कमांडो वीरेन्द्र सिंह ने कहा हम सब मिलकर आस पास खाली जगह, खेतों में, बाड़ी, जंगलों में बीज, या पौधे रोपित करेंगे औरों को भी प्रेरित करेंगे बढ़ते गर्मी से वृक्षारोपण ही हमें ठंडक पहुंचाएगा, बारिश होगा, आज पृथ्वी सभी से निवेदन कर रही है हरे भरे जंगल को बचाना है जिससे वन्य प्राणियों का आवास पर कब्जा कर लिया पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचाया धरती माता करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार, मानव और विज्ञान का कहना पर्यावरण है धरती का गहना, जहां है हरियाली वहां है खुशहाली ।

### कच्ची शराब बेचते आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**छुईखदान/विजय मत।** छुईखदान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विक्रमपुरा में पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को रेंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जितेंद्र यादव (24 वर्ष) के रूप में हुई है जो अपने घर के सामने कच्ची महुआ शराब बेचकर रहा था। पुलिस टीम जिसमें प्रधान आरक्षक अख्तर मिर्जा,दो आरक्षक और एक महिला आरक्षक शामिल थे। गुप्तचर से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को प्लास्टिक में रखी तीन लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 600 रुपये और बिक्री की नकद राशि 200 रुपये थी इस प्रकार कुल 800 रुपये की सामग्री जप्त की गई। पुलिस ने मौके पर गवाहों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया शराब का परीक्षण कर उसकी पुष्टि की और विधिवत शीलबंद कर सीलनामा बनाया। आरोपी से पूछताछ में शराब के वैध दस्तावेज न पेश कर पाने पर उसे धारा 34(1) (ब) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ़्तार किया गया।

### गौ तस्करी करने वाले 8 आरोपियों को किया गया गिरफ्तातर

**छुईखदान/विजय मत।** गौसेवको की सुचना पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही की। पुलिस ने ग्राम कोड़का एवं बिंडोरी के कुछ लोग कृषक पशुओं को बिना चारापानी के निर्दयता से हाँकते हुए कत्लखाना ले जा की सूचना मिली। सुचना के आधार पर जिला ङउऋ पुलिस टीम के द्वारा त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए गौसेवा सदस्यो के साथ ग्राम गड़बंजा जीरो पुलिया के पास घेराबंदी कर मौके पर 08 व्यक्तियों को 17 नग गौवंश को कत्लखाना ले जाते पकड़ा गया मामले में 17 नग गौ वंश को बरामद कर गौ तस्करी करने वाले 08 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 4, 6,10 छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं धारा 111 इठर के तहत कार्यवाही करते हुए 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध पर जुनियर रेड ने निकली रैली

**बालोद/विजय मत।** शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय डौडी लोहारा मे रैली को हरी झंडी प्रभारी प्राचार्य आर एल तारम ने दिखाया, वहीं वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर ने वर्तमान पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह दी। रेड क्रॉस प्रभारी सौरभ शर्मा तथा बालोद जिला रेड क्रॉस सदस्य एनुका शार्वा, प्रदीप मेश्राम और लवण साहू, रविन्द्र नाथ योगी, डुप्ले साहू, हेमंत साहू, ने नशा निषेध के लिए स्कूली विद्यार्थियों के साथ नगर में रैली निकाली, बच्चों में नशा पान का सेवन ना हो इसलिए स्कूल के आसपास लगे दुकानों और गुमटियों में सभी शिक्षकों ने जा जाकर तंबाकू युक्त पदार्थ न बेचने की अपील की।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई के प्रभारी का सम्मान

# स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. प्रशांत सोनी हुए सम्मानित

**विजय मत, गंडई**



छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से छठे केसीजी जिले अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई के प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रशांत सोनी को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उत्कृष्ट उपलब्धता, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदान किया गया।

दुर्ग में आयोजित स्वस्थय और समर्पित छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय समारोह में यह सम्मान समारोह संपन्न हुआ, जहां प्रदेश भर के कई चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

मंच से डॉ. सोनी के कार्यों की सराहना करते हुए मंत्री जायसवाल ने कहा कि- ग्रामीण अंचलों में कार्यरत चिकित्सकों की सेवा भावना ही स्वास्थ्य तंत्र की असली रीढ़ है। डॉ. सोनी जैसे चिकित्सकों के कारण ही दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हो पा रही हैं। डॉ. प्रशांत सोनी बीते कई वर्षों से गंडई क्षेत्र में कार्यरत हैं और अपनी सेवाओं के माध्यम से उन्होंने न केवल जनविश्वास अर्जित किया है बल्कि स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को भी आधुनिक तकनीक और प्राथमिक उपचार की दिशा में उन्नत किया है। कोरोना महामारी के समय उनकी सक्रिय भूमिका और टीकाकरण अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिए भी उन्हें पूर्व में जिला स्तर पर प्रशंसा मिल चुकी है। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात डॉ. सोनी ने यह उपलब्धि अपने पूरे चिकित्सा स्टाफ, नर्सिंग कर्मचारियों और गंडई क्षेत्र की जनता को समर्पित करते हुए कहा- यह सम्मान मेरे लिए एक प्रेरणा है, जिससे मैं और अधिक सेवा भाव से अपने कार्य को अंजाम दूंगा।

मरीजों की मुस्कान ही मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। डॉ. सोनी की इस उपलब्धि से पूरे गंडई क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

धरती आबा जनभागीदारी अभियान

# हितग्राहियों को मिला नया राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड किसान क्रेडिट कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र

**विजय मत, बालोद**



सांसद भोजराज नाग ने कहा कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर केन्द्र सरकार का आदिवासी समाज के लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का अत्यंत कारगर एवं अभिनव पहल है।

सांसद श्री नाग आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम भंवरमरा में धरती अ3पंचायत भंवरमरा के सरपंच निर्मला ठाकुर, हीरन, उदय राम ओटी, उत्तम घरेन्द्र एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में हितग्राहीजन उपस्थित थे। शिविर में सांसद श्री नाग एवं अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म को पूरा करने के अलावा किसानों को अरहर बीज मिनी किट भी वितरण किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए सांसद श्री नाग ने भगवान बिरसा मुण्डा के व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आदिवासी समाज के सच्चे नायक एवं देश के महान सपूत बताया। इस अवसर पर श्री नाग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार एवं विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्री नाग ने आदिवासी समाज के लोगों को लाभ संतृप्ति शिविर में अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाने की अपील भी की। कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण साहू ने संबोधित करते हुए धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन को आदिवासी समाज के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को ग्राम पंचायत भंवरमरा के सरपंच निर्मला ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। ग्राम भंवरमरा में आयोजित शिविर के माध्यम से अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरा होने पर ग्राम खोलझर निवासी सुलोचना बाई तथा आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरा होने पर ग्राम चिखली निवासी गजेन्द्र कुमार ने शिविर आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की है।

# सरिया क्षेत्र में केजव्हीलयुक्त ट्रैक्टर पर हुई तीसरी बार कार्रवाई



**विजय मत, सारंगढ़**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर सरिया तहसीलदार कोमल साहू द्वारा सड़क में केजव्हील युक्त वाहनों पर लगातार अभियान के रूप में कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में ग्राम बोन्दा तहसील सरिया मे डबल कैजव्हीलयुक्त ट्रेक्टर जब्त कर आगामी कार्यवाही हेतु पंचायत को सुपुर्द किया गया है। यह कार्यवाही पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सड़क पर केजव्हील पहिया वाहन के उपयोग से सड़क जल्दी खराब हो जाता है।

ऐसे दोषी वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कलेक्टर डॉ कन्नौजे की निगरानी में निरंतर की जाएगी।

# बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी जरूरी: खाद्य मंत्री

### खाद्य मंत्री ने किया अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

**विजय मत, बेमेतरा**



खाद्य मंत्री दयालदास बघेल आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम बदनारा में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं और अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री बघेल ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। गुलाल और तिलक से बच्चों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर शिक्षा की इस नई यात्रा की शुरूआत को उत्सव में बदला गया। उन्होंने विद्यालय में निर्मित एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष का लोकार्पण भी किया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

अपने संबोधन में मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहाँ से बच्चों का संपूर्ण विकास आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ इसी दिशा में मजबूत कड़ी हैं। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह बच्चों के सोचने-समझने और व्यवहार में बदलाव लाने वाली होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करें।

कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है

# कृषि केंद्रों में मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य,दो कृषि सेवा केंद्रों को नोटिस

**विजय मत,बलौदाबाजार**



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। कृषि केन्द्रों में किसानों को गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है।

विकासखंड पलारी के निरीक्षक सूचिन कुमार वर्मा द्वारा ग्राम ओड़ान में संचालित अनिल कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विक्रय में उपलब्ध कीटनाशक स्कंध एवं उसकी मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी जिससे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विकासखंड बलौदा बाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा साहू कृषि केंद्र मोहतरा, का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय केंद्र में उपलब्ध उर्वरक स्कंध एवं उसका निर्धारित मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था जिससे उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार विकासखंड भाटापारा के विनय इंटरप्राइजेज का भी निरीक्षण किया गया तथा उन्हें शासन द्वारा जारी निदेर्शों का कड़ाई से पालन करते हुए विक्रय केंद्र संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए।

# खैरा में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव


**विजय मत, बालोद**

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला खैरा में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खैरा निर्मला कोसमा और अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजिंदर भुआर्य ने किया।

विशेष अतिथियो में वरिष्ठ नागरिक नसीब साहू, पूर्व सरपंच राधिका भुआर्य ,पंचगण मिलाप कोसमा,रोहित भुआर्य , सुनीति भुआर्य, संतोषी भुआर्य,गणेशिया साहू,प्रदीप कोमा,जितेश्वरी कोसमा थे । अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए गणवेश वितरण किया गया।

खैरा की सरपंच निर्मला कोसमा द्वारा बच्चों को कापी ,पेन,और पहाड़ा,पूर्व सरपंच राधिका भुआर्य ने भी बच्चों को कापी पेन और वरिष्ठ नागरिक नसीब साहू ने भी कापी पेन देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।ग्राम पंचायत खैरा की सरपंच निर्मला कोसमा द्वारा नेवता भोज भी दिया गया।

# आबकारी और पुलिस की टीमों द्वारा शहर के बार , रेस्टोरेंट , होटलों की सघन जांच





विजय मत, रायपुर

शहर के वीआईपी रोड समेत अन्य इलाकों में विगत शुक्रवार और शनिवार को आबकारी की जिला , संभाग और राज्यस्तरीय टीमों द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। होटल , बारों , रेस्टोरेंट के निर्धारित समय बाद तक संचालित होने की शिकायतों पर पुलिस थानों और क्राइम ब्रांच की टीम ने भी शिकायत के आधार पर जांच की । शुक्रवार दिनांक 27/6/2025 को राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा शहर के पांच बारों में छापामार कार्यवाही की जिसमें सूर्या बार के समय पश्चात खुला पाए जाने और होटल ओलिव , सेंट्रल पॉइंट , महिंद्रा और ली रॉय बार में पार्सल के रूप में विक्रय करते पाए जाने पर सुसंगत धाराओं में विभागीय प्रकरण कायम किया गया। शनिवार दिनांक 28/6/2025 को संभागीय उड़नदस्ता रायपुर द्वारा 6 छापामार कार्यवाहियां की गई। एलोरा , इशिका और सुधा रीजेंसी होटल बारों में पार्सल के रूप में विक्रय पाए जाने और होटल कोपाइको में बिना लाइसेंस मद्यपान करते पाए जाने पर सुसंगत धाराओं में विभागीय और आपराधिक प्रकरण कायम किए गए। जिला रायपुर के आबकारी और पुलिस के दल द्वारा अलग - अलग शनिवार दिनांक 28/6/2025 को होटल पुनीत , सेंट्रल पॉइंट , आदित्य , विनार , सवेरा , सालिटायर , मयूरा , सतलज , आर्किड , कोर्टयार्ड मैरियट , कोया , जूक , एल्सव्हेयर , हाइपर क्लब , धूम्स विलेज और वीआईपी रोड के अन्य होटल रेस्टोरेंट की जांच की गई। कोर्टयार्ड मैरिएट होटल बार द्वारा निरीक्षण पुस्तिका और स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत न किए जाने और समय पश्चात खुला पाए जाने पर विभागीय प्रकरण कायम किया गया।



## राज्यपाल डेका से मुख्यमंत्री साय ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री डेका को मुख्यमंत्री श्री साय ने शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

## ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करें सफलता जरूर मिलेगी : राजस्व मंत्री



**बलौदाबाजार।** शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खजुरी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया। मंत्री श्री वर्मा द्वारा प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरित करते हुए शासकीय हाई स्कूल खजुरी के खेल मैदान समतलीकरण हेतु 2 लाख एवं स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु 35 हजार देने की घोषणा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्त्व है। ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। इस स्कूल के विद्यार्थी मेहनती है। विगत वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं का उत्कृष्ट परिणाम रहा। संसाधन व शिक्षकों की कमी रहते हुए भी बेहतर करने की कोशिश की है। उन्होने कहा कि सरकार गांवों के सवार्गीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री साय ने नवनिर्मित आधुनिक आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई और केन्द्रीय भंडार गृह परिसर का किया लोकार्पण

# फॉरेस्ट टू फामेर्सी मॉडल को साकार करने की दिशा में सरकार की ऐतिहासिक पहल

### 27.87 एकड़ क्षेत्र में 36.47 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित है आधुनिक आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई

विजय मत, रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा के अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा निर्मित आधुनिक आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई एवं केन्द्रीय भंडार गृह परिसर तथा स्प्रेयर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप अंतर्गत निर्मित हर्बल एक्सट्रेक्शन इकाई का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रही है। हमारी सरकार डेढ़ वर्षों से लगातार विकास की दिशा में अग्रसर है। तीन करोड़ जनता से किए गए वचनों को हम प्राथमिकता से पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तीन नई हर्बल इकाइयों से लगभग दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र से आच्छादित है, जो हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। आयुर्वेदिक औषधियों की कच्ची सामग्रियां जंगलों से एकत्र कर संयंत्रों तक पहुंचाई जाएंगी, जिससे वनवासियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि यह प्रसंस्करण इकाई मध्य भारत की सबसे बड़ी इकाई है और आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।


इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेदिक केंद्र के रूप में स्थापित होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए सरकार ने संग्रहण दर 4,500 रुपए से बढ़ाकर 5,500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दी है, जिससे लगभग 13 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार में बंद की गई 'चरण पादुका योजना' को पुनः प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत आज पांच हितग्राही महिलाओं को चरण पादुका वितरित की गई।मुख्यमंत्री ने लोगों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड? का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के नाम पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए।

## युवा राष्ट्र की ऊर्जा हैं, जो सिर्फ सपना नहीं देखते, उसे साकार भी करते हैं : बृजमोहन

विजय मत, रायपुर

भारत के भविष्य को गढ़ने वाले युवाओं को संबोधित करते हुए रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, युवा वो होते हैं जिनके भीतर आग होती है कुछ कर दिखाने की, जो चुनौतियों से डरते नहीं, उनका सामना करते हैं। जो सिर्फ अपने लिए नहीं, देश के लिए भी सोचते हैं।

सांसद अग्रवाल रविवार को 'यंग इंडियंस पार्लियामेंट 2025' के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यह आयोजन यंग इंडियंस एवं कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (उक्क) के तत्वावधान में भारत राइजिंग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर से आए 100 से अधिक ऊजार्वान विद्यार्थियों ने संसद की कार्यप्रणाली को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में सांसद अग्रवाल ने कहा कि, ₹युवा सिर्फ अपने भविष्य के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी भागीदार बनते हैं।



उनके इरादे मजबूत, सोच सकारात्मक और उद्देश्य समाज सेवा होता है।₹ उन्होंने आगे कहा कि, ₹पार्लियामेंट केवल एक इमारत नहीं, बल्कि लोकतंत्र का मंदिर है जहाँ सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका अहम होती है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझावों के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूती देना भी होता है। इस आयोजन में रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा, ₹इस प्रकार के आयोजन बच्चों में जनभागीदारी और ज़िम्मेदारी का बोध कराते हैं, जिससे आने वाले समय में सशक्त नेतृत्व तैयार होता है।

## सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में बच्चों ने सीखी शान्ति कलश पूजन विधि

विजय मत, रायपुर

आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर की पावन प्रेरणा से सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चों ने रविवार को शान्ति कलश की विधि सिखी। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस भौतिक युग में बच्चों के जीवन को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति संडे बच्चों को स्नात्र पूजा , चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन कराया जाता है।

इसी कड़ी में आज बच्चों को शान्ति कलश की विधि सिखाई गई। शांति कलश प्रत्येक दिन स्नात्र पूजा के अंत में किया जाता है।




महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि शान्ति कलश में स्नात्र जल की अखण्ड धारा जीवन में अक्षय सुख समृद्धि , शान्ति बनाए रखती है । प्रत्येक पूजन , महापूजन विधान की पूणार्हुति शान्ति कलश से होती है , जिसमें बड़ी शान्ति स्तोत्र का पाठ किया जाता है । भावे भावना भावीए , भावे दीजे दान , भावे जिनवर पूजिए , भावे केवल ज्ञान के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया।

विधायक रोहित साहू ने सुनी मन की बात की 123वीं कड़ी, जनभागीदारी को बताया राष्ट्र निर्माण की कुंजी

# प्रधानमंत्री की सोच हर नागरिक को जोड़ती है- रोहित साहू

विजय मत, गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 123वां संस्करण आज पूरे देश के साथ गरियाबंद में भी श्रद्धा, उत्साह और जनभागीदारी के साथ सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने अपने निवास पर कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया और प्रधानमंत्री के विचारों को राष्ट्र निर्माण की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायी बताया।

कार्यक्रम के पश्चात विधायक रोहित साहू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आत्मा को स्पर्श करते हैं। मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत के सामान्य जन के असाधारण योगदान की पहचान है। प्रधानमंत्री ऐसे विषयों को सामने लाते हैं, जो देश को जोड़ते हैं, प्रेरित करते हैं और आगे बढ़ने का संकल्प देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के एपिसोड में



प्रधानमंत्री ने योग दिवस की व्यापकता, पर्यावरण संरक्षण में समाज की भागीदारी, महिलाओं की सशक्त भूमिका, भारत के अंतरिक्ष मिशन, ऐरी सिल्क जैसे स्वदेशी उत्पादों और ट्रैकोमा जैसी बीमारी के खात्मे जैसी उपलब्धियों की चर्चा कर यह संदेश दिया कि भारत अब हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्री साहू ने प्रधानमंत्री के उस संदेश को भी महत्वपूर्ण बताया जिसमें उन्होंने कहा कि जीवन में छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव की नींव रख सकते हैं। उन्होंने कहा, यह संदेश हम सभी के लिए दिशा है। यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर सकारात्मक और जनहितकारी कदम उठाए, तो समाज और देश में अद्भुत परिवर्तन लाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में भी इसी सोच के साथ हम कार्य कर रहे हैं – प्रकृति, स्वास्थ्य और समाज के लिए। विधायक साहू ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का विजन विकसित भारत केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से साकार होगा।

उन्होंने युवाओं, महिलाओं, किसानों, उद्यमियों और प्रत्येक नागरिक से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण की इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनें।

### आपातकाल की याद, संविधान की रक्षा का संकल्प

प्रधानमंत्री द्वारा 1975 के आपातकाल की चर्चा को याद करते हुए विधायक साहू ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र हमारे संविधान की आत्मा है, और इसका संरक्षण प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, आपातकाल जैसे कालखंड हमें यह सिखाते हैं कि लोकतंत्र की कीमत क्या होती है, और हमें उसकी रक्षा के लिए सदैव सजग रहना चाहिए।

संभाग के नक्सल प्रभावित जिलों में भी लोगों की पहुंच में हैं स्वास्थ्य सुविधाएं

# विष्णु के सुशासन से बस्तर संभाग में बदल रही है स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर

### चिकित्सक स्टाफ की नियुक्ति से बस्तर संभाग में मजबूत हुई है व्यवस्था बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में ठोस प्रयास लगातार जारीः स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

विजय मत, रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन और स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल सामान्य क्षेत्रों में, बल्कि नक्सल प्रभावित जिलों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों की पहुंच में आ रही हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ठदअर), राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान और मलेरिया मुक्त अभियान जैसे कार्यक्रमों ने इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हमारी सरकार की जन-केंद्रित सोच और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों, मितानिनों तथा स्वास्थ्य कार्यकताओं की मेहनत से बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे छत्तीसगढ़ में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इस दिशा में ठोस प्रयास लगातार जारी हैं। बस्तर में घर-घर जाकर जांच, त्वरित उपचार और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ठदअर) के तहत बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य संस्थानों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

1 जनवरी 2024 से 16 जून 2025 तक बस्तर संभाग में कुल 130 स्वास्थ्य संस्थाओं को क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। इनमें 1 जिला अस्पताल, 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 113 उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इसके अलावा, 65 अन्य संस्थाओं का सर्टिफिकेशन कार्य प्रक्रियाधीन है। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित जिलों–कांकेर (8), बीजापुर (2), सुकमा (3) और दंतेवाड़ा (1)–में 14 संस्थानों को गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार का प्रमाण है।

नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत बस्तर संभाग में 62,466 राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि एक वर्ष में ही 36,231 आयुष्मान कार्ड पंजीकृत किए जा चुके हैं। इसके अंतर्गत अब तक 52.6 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का कवरेज इन पांच जिलों में हो चुका है, जिसमें 6,816 लोगों को लाभ मिला है और इन पर 8 करोड़ 22 लाख रुपये की राशि क्लेम की गई है। पिछले डेढ़ वर्षों में बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए 33 मेडिकल स्पेशलिस्ट, 117 मेडिकल ऑफिसर और 1 डेंटल सर्जन की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही राज्य स्तर से 75 तथा जिला स्तर से 307 स्टाफ एवं प्रबंधकीय पदों पर भर्ती की गई है, जबकि 291 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। यह कदम क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

नक्सल प्रभावित जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता रहा है। कांकेर, बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अब आम लोगों तक पहुंच रहा है।

## ओम ज्वेलरी से सोने का चैन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस 52 किया गिरफ्तार

विजय मत, राजिम

प्रार्थी प्रभात सोनी निवासी सुन्दर लाल शर्मा चौक राजिम के द्वारा थाना राजिम आ कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि एक अज्ञात चोर द्वारा उसके ओम ज्वेलरी दुकान में आ कर सोने की चैन दिखाने बोलकर 4.250 ग्राम सोने की चैन कीमती लगभग 41 हजार रुपए को चोरी कर ल गया। रिपोर्ट पर प्रथम दृष्टिया अपराध का घटित करना पाये जाने से अपराध धारा 329(4),305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियो के द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी राजिम एवं साइबर टीम को निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी राजिम निरीक्षक अमृत साहू के द्वारा टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर सक्रिय किया गया था।

प्रकरण में विवेचना के दौरान अज्ञात चोर की पतासाजी की जा रही थी। आज दिनांक 29.06.2025 को मुखबीर की निशानदेही पर एक संदेही आरोपी हितेश ओग्रे को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया। जो अपने कथन में बताया की ऑनलाईन गेम में बहुत सारा पैसा हार जाने एवं दोस्त से उधारी हो जाने से परेशान था।

**संस्थापक**
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

# समाज की अंतरात्मा को झकझोरता मातृत्व पर लगा कलंक

रिश्तों की कोमल भूमि पर भरोसे के बीज बोए जाते हैं। वहीं से अंकुरित होता है जीवन, वहीं से जन्म लेती है संवेदना। लेकिन अगर मां की कोख से जीवन नहीं, हिंसा जन्म लेने लगे, तो वह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सभ्यता के विनाश का संकेत है। देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार से आई हालिया घटना, जिसमें एक महिला नेत्री ने अपनी ही नाबालिग बेटी का बलात्कार करवाया, ये न केवल एक अमानवीय कृत्य है, बल्कि यह भारतीय समाज की मूल आत्मा पर किया गया क्रूरतापूर्ण आघात भी है। यह वो धरती है, जहां मां को देवी मानकर पूजा गया। जहां मातृभूमि की संकल्पना में राष्ट्र का रूप देखा गया। वही मां, जब शोषण की सूत्रधार बन जाए, सत्ता और वासना के कॉकटेल में नैतिकता की हत्या कर दे, तो इस त्रासदी को केवल अपराध नहीं कहा जा सकता। यह एक आत्महत्या है संवेदना की, परिवार की, और समाज की। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम सिर्फ पुलिस कार्रवाई या न्यायिक प्रक्रिया की प्रतीक्षा न करें, बल्कि आत्ममंथन करें। उस मासूम लड़की के कोमल मन पर क्या बीती होगी, जो दुनिया में सबसे सुरक्षित स्थान अपनी मां की गोद से ही अपमान, उत्पीड़न और दर्द पाती रही। जब बेटी अपनी आंखों में दहशत और सवाल लिए देखती है, और मां जवाब में ÷ये सब करना ही पड़ेगा÷ कहती है, तब ये न सिर्फ विश्वासघात होता है, बल्कि उस नन्हीं आत्मा के साथ एक गहन ऐतिहासिक अन्याय भी। परिवार को भारतीय समाज में प्राथमिक इकाई कहा गया है ये वो ईकाई जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है, जो आत्मा को साकार करती है, जो सभ्यता की नींव रखती है। लेकिन जब वही इकाई भीतर से सड़ जाए, तो कौन से मंदिर, कौन से विद्यालय, कौन सा कानून समाज को बचा पाएंगे? हम टेक्नोलॉजी में आगे बढ़े हैं, लेकिन मूल्य कहाँ पीछे छूट गए? हमारी आत्मा की आवाज़ क्यों मंद पड़ती जा रही है? यह सवाल केवल उस एक मां का नहीं है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# जल की बूंद-बूंद पर संकट : नीतियों के बावजूद क्यों प्यासी है भारत की धरती?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी और मात्र 4 प्रतिशत ताजे जल संसाधनों के साथ गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। भूजल का अत्यधिक दोहन, प्रदूषण, असंतुलित खेती, और जलवायु परिवर्तन इसके प्रमुख कारण हैं। सरकारी योजनाओं और नीतियों के बावजूद कार्यान्वयन और जनभागीदारी की कमी से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देना, जल की कीमत तय करना, और पुनर्चक्रण को अनिवार्य बनाना समय की मांग है। जब तक नीति, व्यवहार और चेतना एकसाथ नहीं बदलते, तब तक जल संकट भारत के भविष्य को चुनौती देता रहेगा। भारत में पानी की स्थिति को अगर आंकड़ों की भाषा में समझें, तो भयावहता साफ़ दिखाई देती है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा भूजल उपभोक्ता है – लगभग 25 प्रतिशत भूजल अकेले भारत निकालता है। 11 प्रतिशत से अधिक भूजल खंड अत्यधिक दोहित यानी श1द्गह्-द्ग×श्चयश्चह्लद्गस्र की स्थिति में हैं। दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे 21 प्रमुख शहरों के 2030 तक भूजल समाप्त होने की चेतावनी दी जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर, 70 प्रतिशत जल स्रोत प्रदूषित हैं। फ्लोराइड, आर्सेनिक, नाइट्रेट और भारी धातुओं से दूषित यह जल 23 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित कर रहा है। हर साल लगभग 2 लाख मौतें सिर्फ जलजनित बीमारियों से होती हैं – यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, यह हमारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।



पानी का यह संकट केवल ग्रामीण इलाकों या गरीबों तक सीमित नहीं है। 2019 में जब चेन्नई जैसे आधुनिक शहर को छ्ड्ड4 ंद्गह्श का सामना करना पड़ा और जल ट्रेनें चलानी पड़ीं, तब यह साफ हो गया कि यह समस्या अब दरवाज़े पर नहीं, घर के भीतर आ चुकी है। और फिर भी हम इसे मौसमी समस्या मानकर हर बार भूल जाते हैं। सवाल यह है कि नीतियाँ तो बनीं – राष्ट्रीय जल नीति (2012), जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, नमामि गंगे, जल शक्ति अभियान – पर फिर भी पानी का स्तर क्यों गिरता जा रहा है? जवाब सरल है – हमारी नीतियाँ ज़मीन पर नहीं उतरतीं, और हमारे व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आता। आज भी देश के अधिकांश किसान पानी की फिजूलखर्ची करने वाली फसलों की खेती करते हैं। पंजाब और हरियाणा जैसे जल-संकटग्रस्त राज्य में धान और गन्ने की खेती केवल इसलिए होती है क्योंकि सरकार रूस्क और मुफ्त बिजली देती है। नतीजा – भूजल का तेज़ी से दोहन, खेतों का क्षरण, और जल स्रोतों का खत्म हो जाना। दूसरी ओर, ड्रिप सिंचाई या स्प्रिंकलर जैसे आधुनिक जल संरक्षण उपायों की पहुंच केवल 9 प्रतिशत खेतों तक ही सीमित है। किसान जानते हैं, पर अपनाते नहीं – क्योंकि नीति और व्यवहार में दूरी है। शहरों की बात करें तो पाइपलाइन से लेकर टंकी तक, हर जगह लीकेज और बर्बादी का आलम है। स्मार्ट मीटरिंग अभी भी अधिकांश नगरपालिकाओं के लिए नया शब्द है। पुनः उपयोग (recycling) और वर्षा जल संचयन जैसे उपाय कहीं-कहीं दिखते हैं, लेकिन सामूहिक रूप से अपनाए नहीं जाते।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि जल संकट को अब भी केवल प्राकृतिक समस्या समझा जाता है। जबकि यह एक स्पष्ट रूप से 'नीतिगत और नैतिक' संकट है। जब तक यह दृष्टिकोण नहीं बदलेगा, तब तक कोई भी योजना सफल नहीं होगी। अब समय आ गया है कि भारत पानी को मुफ्त संसाधन मानना बंद करे और उसे जीवन मूल्य की तरह देखे। इसके लिए कुछ गहन और ठोस सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहले, पानी की कीमत तय होनी चाहिए – चाहे वह पीने का हो, या सिंचाई का। मुफ्त पानी की संस्कृति ने उपभोग को बर्बादी में बदल दिया है। जल का मूल्य निर्धारण सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय विवेक के बीच संतुलन साध सकता है। दूसरा, सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को केवल योजना पत्रों से निकालकर ज़मीनी हकीकत बनाना होगा। इसके लिए तकनीकी प्रशिक्षण, सस्ती उपलब्धता, और स्थानीय स्तर पर सहायता तंत्र बनाना होगा। तीसरा, भूजल का प्रबंधन केवल सरकार का नहीं, ग्राम पंचायतों और स्थानीय समुदायों का भी कर्तव्य होना चाहिए। अटल भूजल योजना को इस दिशा में सफल मॉडल के रूप में बढ़ाया जा सकता है। चौथा, किसानों को केवल फसल बीमा या सब्सिडी नहीं, जल आधारित फसल मार्गदर्शन की ज़रूरत है। यह तभी होगा जब रूस्क का ढांचा जल संरक्षण के अनुकूल फसलों को बढ़ावा देगा। देश को ऐसे नीतिगत हस्तक्षेपों की ज़रूरत है जो किसान की आय भी बढ़ाएं और पानी की बचत भी करें। पाँचवां, शहरों में जल पुनर्चक्रण अनिवार्य किया जाए। जो नगर पालिकाएं wastewater को recycle नहीं करतीं, उन्हें दंड और प्रोत्साहन दोनों के माध्यम से बदला जाए। बड़े भवनों में वर्षा जल संचयन अनिवार्य हो, और इसके अनुपालन की निगरानी की जाए। छठा, बच्चों के स्कूली पाठ्यक्रम में जल संरक्षण को केवल पर्यावरण अध्याय के रूप में न पढ़ाया जाए, बल्कि व्यवहार परिवर्तन के रूप में सिखाया जाए। यदि अगली पीढ़ी जल को कीमती माने, तो आज की प्यास भविष्य की सूखी धरती को बचा सकती है। सातवां, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा – जैसा प्रधानमंत्री ने आह्वान किया था। लेकिन यह आह्वान केवल भाषणों में नहीं, बजट और प्रशासनिक प्रतिबद्धता में दिखना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

> भारत की धरती पर जल का संकट एक ऐसी विडंबना बन चुका है, जिसे देखकर हैरानी होती है कि इतनी योजनाओं, घोषणाओं और नीतियों के बावजूद यह देश बूंद-बूंद के लिए क्यों तरस रहा है। जब कोई देश दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या को समेटे हुए हो और उसके पास केवल 4 प्रतिशत ताजे जल संसाधन हों, तो संकट की आशंका तो बनती है, पर यदि यही देश दशकों से जल संरक्षण और जल प्रबंधन की योजनाओं का ढोल पीटता हो और फिर भी सूखा, प्यास, और जलजनित बीमारियाँ उसके हिस्से में आएं – तो यह केवल प्राकृतिक संकट नहीं, यह नीति, प्रशासन और नागरिक चेतना की सामूहिक असफलता है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा है भगवान को पाने का पर्व

**संजय गोस्वामी**

हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है।देवताओं की मूर्तियों को तीन विशाल रथों में ले जाया जाता है जिन्हें उत्साहित भक्त खींचते हैं। यह उत्सव आषाढ़ (जून-जुलाई) महीने के पखवाड़े के दूसरे दिन शुरू होता है और नौ दिनों तक चलता है। इस यात्रा को रथ महोत्सव और गुंडिचा यात्रा के नाम से जाना जाता है। पंचांग के अनुसार, 2025 में तिथि 26 जून को दोपहर 1:24 बजे से शुरू हुआ और पुरे देश मेँ धूमधाम से मनाई जा रही है जो 5मई तक चलेगा । पूरी के जगन्नाथपूरी मेँ कहा जाता की भगवान श्री कृष्ण का दिल है दरअसल जब महाभारत मेँ गांधारी जो एक पतिव्रता स्त्री थी गांधारी ने महाभारत मेँ कौरवों के नाश के बाद भगवान श्री कृष्ण क़ो श्राप दिया था जिस तरह मेरे सारे पुत्रों कृष्ण के उकसाने पर मारे गए हैं तो तुम्हारे वंश का भी विनाश होगा भगवान कृष्ण चाहते तो इसे बचा सकते थे और कहा जाता है कि द्वारिका नगरी समुद्र मेँ डूब गई और भगवान श्री कृष्ण किसी जंगल मेँ सोये थे तो किसी जंगल मेँ जानवर का एक शिकारी ने हिरण के शिकार के भ्रम मेँ भगवान श्री कृष्ण के पाँव मेँ तीर लग गई और तब शिकारी ने कहा कि गलती से भगवान ये बाण लगा मुझे माफ करें तब उन्होंने बताया की यह होना तय था और पिछले जन्म मेँ तुम बाली थे और मैं भगवान श्री राम और मैंने तुम्हे धोखे से मारा था उसके बाद भगवान कृष्ण ने प्राण त्याग दिए और पांडवों ने भगवान कृष्ण का अंतिम संस्कार किया था। जिसमें अस्थि के साथ उनका दिल भी था समुद्र मेँ प्रवाहित कर दि एक पौराणिक कथा के अनुसार, राजा इंद्रद्युम्न को स्वप्न में भगवान कृष्ण ने दर्शन दिए और अपनी अस्थियों वाला एक संदूक जिसमें दिल भी था जो पुरी में समुद्र किनारे मिलने की बात बताई। राजा इंद्रदयुम्न मालवा का राजा था जिनके पिता का नाम भारत और माता सुमति था। राजा इंद्रदयुम्न को सपने में हुए थे जगन्नाथ के दर्शन। कई ग्रंथों में राजा इंद्रदयुम्न और उनके यज्ञ के बारे में विस्तार से लिखा है। उन्होंने यहां कई विशाल यज्ञ किए और एक सरोवर बनवाया। एक रात भगवान विष्णु ने उनको सपने में दर्शन दिए और कहा नीलांचल पर्वत की एक गुफा में मेरी एक मूर्ति है उसे नीलमाधव कहते हैं। ?तुम एक मंदिर बनवाकर उसमें मेरी यह मूर्ति स्थापित कर दो। राजा ने अपने सेवकों को नीलांचल पर्वत की खोज में भेजा। उसमें से एक था ब्राह्मण विद्यापति।



विद्यापति ने सुन रखा था कि सबर कबीले के लोग नीलमाधव की पूजा करते हैं और उन्होंने अपने देवता की इस मूर्ति को नीलांचल पर्वत की गुफा में छुपा रखा है। वह यह भी जानता था कि सबर कबीले का मुखिया विश्वेवसु नीलमाधव का उपासक है और उसी ने मूर्ति को गुफा में छुपा रखा है। चतुर विद्यापति ने मुखिया की बेटी से विवाह कर लिया। आखिर में वह अपनी पत्नी के जरिए नीलमाधव की गुफा तक पहुंचने में सफल हो गया। उसने मूर्ति चुरा ली और राजा को लाकर दे दी।

विश्वचवसु अपने आराध्य देव की मूर्ति चोरी होने से बहुत दुखी हुआ। अपने भक्त के दुख से भगवान भी दुखी हो गए। भगवान गुफा में लौट गए, लेकिन साथ ही राज इंद्रदयुम्न से वादा किया कि वो एक दिन उनके पास जरूर लौटेंगे बशर्ते कि वो एक दिन उनके लिए विशाल मंदिर बनवा दे। राजा ने मंदिर बनवा दिया और भगवान विष्णु से मंदिर में विराजमान होने के लिए कहा। भगवान ने कहा कि तुम मेरी मूर्ति बनाने के लिए समुद्र में तैर रहा पेड़ का बड़ा टुकड़ा उठाकर लाओ, जो द्वारिका से समुद्र में तैरकर पुरी आ रहा है। राजा के सेवकों ने उस पेड़ के टुकड़े को तो ढूंढ लिया लेकिन सब लोग मिलकर भी उस पेड़ को नहीं उठा पाए। तब राजा को समझ आ गया कि नीलमाधव के अनन्य भक्त सबर कबीले के मुखिया विश्वूवसु की ही सहायता लेना पड़ेगी। सब उस वक्त हैरान रह गए, जब विश्ववसु भारी-भरकम लकड़ी को उठाकर मंदिर तक ले आए।

अब बारी थी लकड़ी से भगवान की मूर्ति गढ़ने की। राजा के कारीगरों ने लाख कोशिश कर ली लेकिन कोई भी लकड़ी में एक छैनी तक भी नहीं लगा सका। तब तीनों लोक के कुशल कारीगर भगवान विश्वेकर्मा एक बूढ़े व्यक्ति का रूप धरकर आए। उन्होंने राजा को कहा कि वे नीलमाधव की मूर्ति बना सकते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने अपनी शर्त भी रखी कि वे 21 दिन में मूर्ति बनाएंगे और अकेले में बनाएंगे। कोई उनको बनाते हुए नहीं देख सकता। उनकी शर्त मान ली गई। लोगों को आरी, छैनी, हथौड़ी की आवाजें आती रहीं। राजा इंद्रदयुम्न की रानी गुंडिचा अपने को रोक नहीं पाई। वह दरवाजे के पास गई तो उसे कोई आवाज सुनाई नहीं दी। वह घबरा गई। उसे लगा बूढ़ा कारीगर मर गया है। उसने राजा को इसकी सूचना दी। अंदर से कोई आवाज सुनाई नहीं दे रही थी तो राजा को भी ऐसा ही लगा। सभी शर्तों और चेतावनियों को दरकिनार करते हुए राजा ने कमरे का दरवाजा खोलने का आदेश दिया।जैसे ही कमरा खोला गया तो बूढ़ा व्यक्ति गायब था और उसमें 3 अधूरी ?मूर्तियां मिली पड़ी मिलीं। भगवान नीलमाधव और उनके भाई के छोटे-छोटे हाथ बने थे, लेकिन उनकी टांगें नहीं, जबकि सुभद्रा के हाथ-पांव बनाए ही नहीं गए थे। राजा ने इसे भगवान की इच्छा मानकर इन्हीं अधूरी मूर्तियों को स्थापित कर दिया। तब से लेकर आज तक तीनों भाई बहन इसी रूप में विद्यमान हैं लेकिन भगवान कृष्ण के दिल क़ो अग्नि देवता ने कुछ नहीँ किया क्योंकि ऐसा करने पर संपूर्ण जगत का विनाश हो जाता और अस्थि विसर्जन मेँ दिल भी नदी मेँ प्रवाहित हो गईकि पद्म पुराण की मानें तो एक बार भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने नगर देखने की इच्छा जाहिर की। इसके लिए भगवान जगन्नाथ ने सुभद्रा को रथ पर बैठाकर नगर दिखाया। इस दौरान वह अपनी मौसी के घर भी गए। जहां वह सात दिन तक रुके। मान्यता है कि तभी से हर साल भगवान जगन्नाथ निकालने की परंपरा जारी है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

> भगवान ने राजा को उस संदूक को उसी स्थान पर रखकर उसके ऊपर एक मंदिर बनवाने का आदेश दिया, जिसका नाम जगन्नाथ होगा। भगवान ने यह भी कहा कि मंदिर में कोई मूर्ति नहीं होगी और एक विद्वान को रखा जाएगा जो पवित्र गीता के अनुसार ज्ञान का प्रचार करेगा। राजा ने भगवान से मंदिर के स्थान को दिखाने का अनुरोध किया, और भगवान ने उन्हें वह स्थान दिखाइस मंदिर का सबसे पहला प्रमाण महाभारत के वनपर्व में मिलता है। कहा जाता है कि सबसे पहले सबर आदिवासी विश्वावसु ने नीलमाधव के रूप में इनकी पूजा की थी। आज भी पुरी के मंदिरों में कई सेवक हैं जिन्हें दैतापति के नाम से जाना जाता है।


# परीक्षा के नए पैटर्न में छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार का यह मौका करियर में मील का पत्थर साबित होगा

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पूरी दुनिया के मंझे हुएशिक्षाविदों बुद्धिजीवियों व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष विश्लेषणात्मक भूमिका रखने वालों की पूरी नजर गढ़ी हुई है, क्योंकि इस नई राष्ट्रीय नीति 2020 में अनेकों ऐसे अनुशंसित नियम व मौके हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में भारत की पीढ़ीयों में मील का पत्थर साबित होंगे। इसके पूर्व हमने देखे कि इंजीनियरिंग सहित अनेको कोर्स अपनी मातृभाषा में करने का सटीक सिस्टम लागू किया गया है, जो इस एनईपी 2020 का ही हिस्सा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भारत के सभी राज्यों ने भी तुरंत लागू करना चाहिए क्योंकि इस शिक्षा नीति को अपनाने से जोजनरेशन निकलेगी वह पारिस्थितिकीजन्य विश्लेषण कर नई प्रौद्योगिकी वह नीति से आगे बढ़ाने वाली होगी।आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि सीबीएसई के एग्जामिनर कंट्रोलर ने बुधवार दिनांक 25 जून 2025 शाम को प्रेस में बताया कि दसवीं की परीक्षा अब सत्र 2025-2026 से वर्ष में दो बार होगी, व उसका पूरा विवरण बताए जो हम नीचे पैराग्राफ में चर्चा करेंगे।चूँकि इस नए पैटर्न से छात्रों को अंकों में बेहतर सुधार करने का मौका मिलेगा जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे सीबीएसई 10वीं बोर्ड का नया पैटर्न राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप परीक्षाओं को कम तनावपूर्ण व छात्रों को सीखने का बेहतर मौका देना है। साथियों बात अगर हम सत्र 2025-26 से सीबीएसई 10वीं की परीक्षा पैटर्न में चेंज की करें तो,अगर हम या हमारे बच्चे 10वीं की तैयारी कर रहे हैं तो यह खबर हमारे लिए बेहद जरूरी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 से कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के तरीके में बड़ा बदलाव करने का ऐलान किया है, अब छात्रों को परीक्षा में साल में दो बार बैठने का मौका मिलेगा, यानी अगर कोई छात्र अपने पहले प्रयास के अंकों से संतुष्ट नहीं है, तो वह दूसरी परीक्षा में बैठ सकता है, इसका उद्देश्य छात्रों पर से दबाव कम करना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन का दूसरा मौका देना है।सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक ने दी जानकारी दीं उन्होंने कहा, ''पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा, दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगेइससे छात्रों को एक ही शैक्षणिक सत्र में दो अवसर मिलेंगे और वे समय पर अपने करियर और आगे की पढ़ाई के लिए निर्णय ले सकेंगे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8413



**बाएँ से दाएँ**

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वदेश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधू, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

**शब्द पहेली -8412 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शा | र | दा | | सा | हि | ल | |
| दा | म | | न | | ल | | त | ब |
| खि | | प्रा | व | धा | न | | | रा |
| ल | व | ण | | न | | त | ह | त |
| | | ना | म | | रा | ह | | |
| ती | र | थ | | स | | ल | ग | न |
| स | | | मु | च | ल | का | | क |
| रा | ज | | नी | | ह | | बे | टा |
| | न | र | म | | जा | हि | ल | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**30 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.33 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | सिंह | 08.49 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.01 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.11 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.26 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.42 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.34 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.07 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.37 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | वृष | 02.17 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.15 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 181 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 09.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 07.21 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 17.21 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 09.24 बजे तदनन्तर कौलव 21.47 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 04.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 10'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872391
**जूलियन दिन** 2460856.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 04
**विशेष** स्कंद षष्ठी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार



### भिलाई और रिसाली में नलों से पानी सप्लाई बाधित

**भिलाई।** मानसून के छत्तीसगढ़ में एक्टिव होने से जहां एकतरफ आम लोगों की दिनचर्या पर बुरा असर पड़ा है तो वही इसका असर पेयजल जैसे अति जरूरी सेवाओं की आपूर्ति पर भी देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक आज भिलाई नगर निगम और रिसाली क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई पूरी तरह बाधित रहेगी। बताया गया है कि, 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में आई खराबी और रखरखाव के चलते उपरोक्त क्षेत्रों में पानी की सप्लाई बंद रखी जाएगी। निगम की ओर से मिली जानकारी के अनुसार खमरिया टंकी और रिसाली निगम की पानी की टंकियों में पानी नहीं पहुंच सका है।

### ऐतिहासिक कानूनी जागरूकता कार्यक्रमः नालसा की नई योजनाओं ने न्याय की राह रोशन की

**सूरजपुर।** न्याय की पहुँच को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से, सूरजपुर में एक ऐतिहासिक और भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशानिर्देशों और जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिला पंचायत भवन के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र नालसा की चार महत्वपूर्ण नई योजनाएँ थींः जागृति, डॉन, संवाद, और आशा।इस आयोजन की खासियत यह थी कि इसके साथ किशोर न्याय इकाई पर एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें किशोरों से जुड़े कानूनी पहलुओं और उनके पुनर्वास पर गहन चर्चा हुई। सकारात्मक शुरूआत और प्रेरणादायक माहौल- कार्यक्रम का शुभारंभ बेहद प्रेरणादायक रहा। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के बाद प्रोजेक्टर पर नालसा थीम सॉन्ग चलाया गया, जिसने हॉल में उपस्थित सभी लोगों में कानूनी सेवाओं के प्रति समर्पण और उत्साह का संचार किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगे गमले भेंट किए गए, जो इस कार्यक्रम को एक अनूठा और सकारात्मक स्पर्श देता है। प्रमुख वक्ताओं ने योजनाओं और कानूनी प्रावधानों पर दिया जोर। कुटुंब न्यायालय की न्यायाधीश श्रीमती प्रज्ञा पचौरी ने 'आशा' योजना के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह योजना केवल कागजों पर न रहे, बल्कि ग्राम सरपंचों और पैरालीगल वालंटियर्स को मिलकर इसे जमीनी स्तर पर लागू करना होगा ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से खत्म किया जा सके।

### सरगुजा 30 कोचिंग हेतु चयन परीक्षा संपन्न कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 548 विद्यार्थी हुए शामिल

**अम्बिकापुर।** जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित सरगुजा 30 कोचिंग के लिए चयन परीक्षा का आयोजन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस परीक्षा में जिले के विभिन्न विकासखंडों से कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के कुल 548 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के निर्धारित परीक्षा केंद्रे पर शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से किया गया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। प्रशासन की ओर से परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। सरगुजा 30 कोचिंग का उद्देश्य जिले के मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और बोर्ड परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रदान करना है। इसके अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# शहर के बाजार क्षेत्र में ठेला-पसरा लगाने पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी

विजय मत, राजनांदगांव



शहर को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सुगम आवागमन के लिए जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर आज नगर निगम सभागृह में प्रशासन एवं व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी खेमलाल वर्मा तथा सिटी थाना प्रभारी रोमेन्द्र सिंह, यातायात विभाग के शरद कुमार सहित चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश महामंत्री तरूण लहरवानी व प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, चेम्बर ऑफ कार्मस के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद के अलावा शहर के व्यापारिक क्षेत्र के पार्षद शैंकी बग्गा, राजेश जैन रानू, जैनम बैद, प्रमोद झंझाडे, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि, शहर में व्यवस्थित यातायात तथा अतिक्रमण हटाने सडक दुर्घटना रोकने जिलाधीश महोदय द्वारा बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिया गया था। निदेशानुसार प्रशासन की टीम शहर के व्यस्तम व्यापारिक क्षेत्रों में सुगम यातायात के लिए व्यवस्था सुदृढ़ करने पैदल भ्रमण भी किए थे और उन्ही के निर्देश पर आज सुचारू व्यवस्था के लिए व्यापारियों की बैठक आयोजित आहुत की गई है। उन्होंने कहा कि, शहर के प्रमुख मार्ग जयस्तंभ रोड, गुड़ाखु लाईन, कामठी लाईन, सदर बाजार, हलवाई लाईन, सिनेमा लाईन में यातायात का दबाव बना रहता है। इसके अलावा ठेला पसरा लगने तथा दुकानों का सामान बाहर रखने से पार्किंग की समस्या के साथ-साथ आवागमन में परेशानी होती है। इन्ही व्यवस्था को सुदृढ़ करने आप लोगो का सहयोग एवं सुझाव लिया जाना है। अनुविभागीय अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि, शहर के बाजार क्षेत्र में वन-वे तथा बडी गाड़ी का प्रवेश निषेध के अलावा दुकान के सामने किए अतिक्रमण एवं कब्जा कर रखे समान को हटाया जाना है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, यातायात बाधित बाजार क्षेत्र एवं प्रमुख मार्गो में ठेला पसरा लगाने पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए।

#### अतिक्रमण के कारण यातायात की समस्या

वर्तमान में अतिक्रमण के कारण यातायात की समस्या उत्पन्न हो रही है। फ्लाई ओव्हर के नीचे लम्बे समय से गाड़ी पार्क किया गया है, जिसे हटाना है। आप सब के सहयोग से अतिक्रमण हटाने तथा व्यवस्थित पार्किंग के लिए कार्ययोजना बनानी है। इस संबंध में कलेक्टर महोदय के भी निर्देश है। चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने भी अपने सुझाव रखे कि, शहर के प्रमुख मार्ग से ठेला पसरा हटाये जाये तथा पार्किंग की व्यवस्था की जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे, म्यूनिस्पल में बने पार्किंग, बालाजी मंदिर के पास के रिक्त स्थल, जूनी हटरी के रिक्त स्थल को पार्किंग के लिए व्यवस्थित किया जाए। दुकानों के सामने के अतिक्रमण को हटाया जाए, इस संबंध में दुकानदारों से अपील की जाए।

## प्रकरणों की वास्तविकता को समझने फील्ड में जाएं राजस्व अधिकारीः कलेक्टर भोसकर



विजय मत, अंबिकापुर

कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, नक्शा बटांकन, आरबीसी 6(4) समेत विभिन्न राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं नियमानुसार निराकरण करें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए राजस्व अधिकारी स्वयं फील्ड का निरीक्षण करें ताकि प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने विशेष रूप से सीमांकन कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षक भू-अभिलेख (एसएलआर) की टीम को बिना कलेक्टर की अनुमति सीमांकन कार्य पर न जाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने आरबीसी प्रकरणों का समय पर निराकरण कर पीड़ितों को शीघ्र लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक, राम सिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, सभी एसडीएम, तहसीलदार और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 13 निरीक्षक और उप निरीक्षकों का तबादला

#### पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

विजय मत, कोण्डागांव



पुलिस अधीक्षक येदुवेल्ली अक्षय कुमार ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव किया है। जिले में पदस्थ 13 निरीक्षक और उप निरीक्षकों का तबादला कर नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश के तहत थानों और चौकियों के प्रभारियों को इधर-उधर किया गया है ताकि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में और अधिक चुस्ती लाई जा सके। मुख्य तबादले इस प्रकार हैंः सौरभ उपाध्याय- सिटी कोतवाली कोण्डागांव से स्थानांतरित होकर थाना बड़ेडोंगर के प्रभारी बनाए गए। टामेश्वर चौहान- रक्षित केंद्र से स्थानांतरित होकर सिटी कोतवाली कोण्डागांव के प्रभारी नियुक्त। सुशील पटेल- थाना माकड़ी से स्थानांतरित होकर थाना धनोरा के प्रभारी बने। विकास बघेल- रक्षित केंद्र से स्थानांतरित होकर थाना माकड़ी के प्रभारी बनाए गए। राजकुमार सोरी- थाना धनोरा से स्थानांतरित होकर रक्षित केंद्र में पदस्थ किए गए। भुनेश्वर नाग- थाना विश्रामपुरी से हटाकर रक्षित केंद्र भेजे गए। विनोद नेताम- थाना बड़ेडोंगर से स्थानांतरित होकर अब थाना विश्रामपुरी के प्रभारी होंगे। राकेश राठौर- रक्षित केंद्र से स्थानांतरित होकर थाना बयानार के प्रभारी बनाए गए। रोशन कौशिक- चौकी बांसकोट से हटाकर थाना उरन्दाबेड़ा के प्रभारी बनाए गए। नरेश साहू - थाना बयानार से स्थानांतरित होकर अब चौकी बांसकोट के प्रभारी होंगे। गोपेन्द्र पटेल- थाना ईरागांव से हटाकर रक्षित केंद्र में पदस्थ किए गए। विकासचंद राय- रक्षित केंद्र से स्थानांतरित होकर थाना ईरागांव के प्रभारी बनाए गए। अखिलेश धीवर थाना उरन्दाबेड़ा से स्थानांतरित होकर थाना केशकाल में पदस्थ किए गए।




### खैरा में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बालोद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला खैरा में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खैरा निर्मला कोसमा और अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजिंदर भुआर्य ने किया। विशेष अतिथियो में वरिष्ठ नागरिक नसीब साहू, पूर्व सरपंच राधिका भुआर्य ,पंचगण मिलाप कोसमा,रोहित भुआर्य , सुनीति भुआर्य, संतोषी भुआर्य,गणेशिया साहू,प्रदीप कोमा,जितेश्वरी कोसमा थे । अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए गणवेश वितरण किया गया। खैरा की सरपंच निर्मला कोसमा द्वारा बच्चों को कापी ,पेन,और पहाड़ा,पूर्व सरपंच राधिका भुआर्य ने भी बच्चों को कापी पेन और वरिष्ठ नागरिक नसीब साहू ने भी कापी पेन देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।ग्राम पंचायत खैरा की सरपंच निर्मला कोसमा द्वारा नेवता भोज भी दिया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। संस्था के प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे ने अतिथियों और उपस्थित जन समुदाय को नशा मुक्ति शपथ और जल संरक्षण का शपथ दिलवाया गया और शाला में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खेमन्त कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक सुदामा गेंड्रे, शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम,केशव सिहारे ,टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू और शाला प्रबंधन समिति , महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य गण और पालकों का सहयोग रहा।

## हवस वाले कथित बाबा को लेकर खुलासा, डेढ़ लाख के गद्दे में अय्याशी

विजय मत, डोंगरगढ़




प्रज्ञा गिरी पहाड़ी पर गोवा जैसा आश्रम बनाने वाले कथित योग गुरु तरुण अग्रवाल उर्फ सोनू के क्रांति योगा नाम से वेबसाइट बनाई गई। इसमें बाकायदा भारत सरकार का लोगो लगा हुआ है। इसमें आयुष मंत्रालय का जिक्र भी है। वहीं इनके योग सीखने आने वाले लोगों के लिए रेट चार्ट भी अपलोड हैं। यह रेट चार्ट यूरो करंसी में है। मतलब फंडिंग यूरोप से भी होती थी। पता चला है कि बाबा के गोवा के आश्रम में रखे पलंग का प्रत्येक गद्दा भी डेढ़ लाख रुपए से कम का नहीं हैं। कथित बाबा के विदेशी कनेक्शन की जांच डोंगरगढ़ पुलिस ने शुरू कर दी है। डोंगरगढ़ पुलिस ने गोवा पुलिस से संपर्क किया है। दरअसल, डोंगरगढ़ आने से पहले तरुण अग्रवाल गोवा के पटनेम बीच में रिसॉर्ट चलाता था। इस रिसॉर्ट में आने वाले विदेशी और स्थानीय लोगों को योग सिखाने के नाम पर हजारों से लाखों रुपए की राशि ली जाती थी। फिलहाल यहां के कुक और केयरटेकर से पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस द्वारा विदेशी फंडिंग और प्रॉपर्टी की जांच का दावा किया जा रहा है। पहाड़ियों पर गोवा की तर्ज पर फार्महाउस बन सके, इसलिए तरुण अग्रवाल ने महाराष्ट्र की कंपनी को काम दिया। फार्महाउस को हाईटेक बनाने के लिए ये टीम कई दिनों से काम कर रही है। गोवा के आश्रम में 14 रात का सवा दो लाख लेते थे। क्रांति योगा इंटरनेशनल वेदिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के सदस्यों से डोंगरगढ़ पुलिस जानकारी जुटाएगी। वेब पेज में इसे नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन लिखा गया है। गोवा में भारत सरकार की ओर से बाकायदा रजिस्टर्ड बताया गया है। डोंगरगढ़ पुलिस फिलहाल सोनू के बैंक खातों की डिटेल मंगवा रही है। गोवा में जो सोनू के खाते हैं उनकी जांच के लिए पत्राचार भी किया जा रहा है। एसडीओपी का इस मामले में कहना है कि,कथित बाबा के बैंक खातों की डिटेल खंगाली जा रही है। इसके लिए गोवा के बैंकों से भी पत्र व्यवहार किया जा रहा है। फंडिंग और प्रॉपर्टी को लेकर जांच जारी है। पुलिस इस मामले में जल्द ही बड़ा खुलासा करेगी।

## मौसमः रायपुर में होगी तेज बारिश, घने बादल छाए

विजय मत, रायपुर

छत्तीसगढ़ में मौसम ने करवट बदल ली है। प्रदेश के कई इलाकों में शुक्रवार की शाम से लेकर शनिवार की रात तक जमकर बारिश हुई है। लगातार हुई बारिश के चलते पूरे प्रदेश में जनता को भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं अब प्रदेश में मानसून के ग्राम में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। तेज बारिश का दौर शुरू हो चुका है। वहीं मौसम विभाग ने भी मंगलवार तक प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। बात करें राजधानी रायपुर की तो रायपुर में शनिवार देर रात हुई बारिश के बाद रविवार सुबह से घने बादल छाए हुए हैं। तेज बारिश के कारण राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में ठंडक का एहसास भी हो रहा है। रायपुर में शनिवार का तापमान 30.7त दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में बिजली गिरने और भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।



## समस्त अधिकार मित्रों के लिए मासिक समीक्षा का आयोजन

विजय मत, बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कैलेंडर माह जून 2025 के तहत अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री जी के मार्गदर्शन में तथा निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम एवं समस्त अधिकार मित्रों के लिए मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में लीगल एड डिफेंस कौंसिल को सुहास चकमा बनाम भारत संघ (और अन्य) मामला व सतेन्द्र कुमार अंतिल मामले में निर्देशित बिंदुओं का पूर्णतः पालन किये जाने का आदेश दिया गया।



सौंपे गए प्रकरणों मे उचित कानूनी जांच प्रभावी बचाव रणनीति की योजना बनाने, प्रत्येक माह नियमित रूप से जेल भ्रमण करने, विचाराधीन बंदियों के जमानत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही के संबंध में चर्चा किया गया। साथ ही समस्त अधिकार मित्रों को नालसा और सालसा द्वारा संचालित योजनाएं, वरिष्ठजनों के अधिकार, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण अधिनियम, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, हमर अंगना स्कीम के अंतर्गत घरेलू हिंसा अधिनियम, सचेत अभियान, जागृति योजना, संवाद योजना, डान योजना, निःशुल्क विधिक सहायता व कानूनी विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु चर्चा किया। इसके साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण संबंधी जानकारी आम जनों को प्रदान कर व विधिक जागरूक्ता शिविर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देश दिया गया।

**खास-खबर**

#### विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

# कलेक्टर ने ली डौण्डी में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक

विजय मत, बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम सुरेश साहू, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में मिश्रा ने राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, वन, कृषि एवं अन्य विभागों के अलावा स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा आदि कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए तहसीलदार देवेन्द्र नेताम से डौण्डी तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का एवं राजस्व निरीक्षक सर्कल तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त




आवेदन पत्रों तथा उनके निराकरण हेतु की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अतिक्रमण के संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए तहसीलदार एवं नगर पालिका के अधिकारियों को समन्वय बनाकर दल्लीराजहरा रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वामीत्व योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शेष सभी प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चों को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने किसान पंजीयन के कार्य की जानकारी लेते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण हेतु पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए शेष सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आवास प्लस सर्वे कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हितग्राहियों से संपर्क कर सभी अप्रारंभ कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए इसके अंतर्गत सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनजेमेंट, फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट आदि के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली।

## पॉलिथीन का बहिष्कार करना चाहिएः स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति



विजय मत, बालोद

स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति,छत्तीसगढ़ की टीम के सदस्यों, पदाधिकारियों द्वारा हरा भरा ,स्वच्छ धरा उद्देश्य को लेकर समिति के संरक्षक बिरेंद्र देशमुख एवं संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल के मार्गदर्शन पर स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति के लगातार 121वें स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता सप्ताह के अवसर पर दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर,सड़क 84,सेक्टर 06 भिलाई नगर में मंदिर के आसपास साफ-सफाई कर प्लास्टिक बोतल, डिस्पोजल कागज, दोना, पत्तल, पानी पाउच, गुटखा पाउच, झिल्ली आदि एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डंप किया तथा गाजर घास को उखाड़कर निर्धारित स्थान पर डंप किया, ताकि गाजर घास दुबारा उग न सके एवं बैनर पोस्ट एवं नारा जागो और जगाओ, स्वच्छता अपनाओ के साथ लोगों को अधिक से अधिक पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण,स्वच्छता के लिए जागरूक किया।

## अंतरराज्यीय ठग गिरोह के तीन मुख्य आरोपियों को रायपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

# बाइक बोट स्कीम के नाम पर 2800 करोड़ की ठगी

विजय मत, रायपुर

ओला और उबर की तर्ज पर बाइक बोट स्कीम चलाने का झांसा देकर देशभर में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह के तीन मुख्य आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में संजय भाटी, करणपाल सिंह और राजेश भारद्वाज शामिल है। यह कार्रवाई थाना सिविल लाइन में वर्ष 2019 में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में की गई है। आरोपियों ने वर्ष 2017 में मेसर्स गर्विट इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड नामक कंपनी के तहत बाइक बोट स्कीम शुरू की थी। इसके अंतर्गत निवेशकों से एक बाइक पर ?62,100 जमा करवा कर हर माह ?9,765 रुपये का रिटर्न देने का वादा किया गया था। इस स्कीम के झांसे में आकर देशभर के हजारों लोगों ने निवेश किया, लेकिन बाद में उन्हें ठगी का शिकार होना पड़ा।

**गिरफ्तार आरोपी:** संजय भाटी, निवासी ग्राम चीती, उत्तर प्रदेश। करणपाल सिंह, निवासी एफ-83, गंगासागर, थाना भावनपुर, उत्तर प्रदेश। राजेश भारद्वाज, निवासी खुर्जा, थाना खुर्जानगर, उत्तर प्रदेश।



### अलग-अलग राज्यों में दर्ज हैं 200 से अधिक मामले

आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में 150, राजस्थान में 50, मध्यप्रदेश में 6 सहित देश के कई राज्यों जैसे गुजरात, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश में कुल 200 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा मुख्य आरोपी संजय भाटी के खिलाफ एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तरप्रदेश में 1,500 से अधिक प्रकरण दर्ज है।

### 800 करोड़ की ठगी

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने लगभग 2800 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने विभिन्न मामलों में आरोपियों की संपत्तियों को अटैच भी किया है।

### 2019 में दर्ज हुआ था केस

वर्ष 2019 में अखिल कुमार बिसोई नामक व्यक्ति ने थाना सिविल लाइन, रायपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी गिरोह ने उनसे बाइक बोट स्कीम में निवेश कराकर धोखाधड़ी की है। प्रार्थी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जनपद गौतमबुद्ध नगर स्थित ग्राम चीती की कंपनी मेसर्स गर्विट इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड के डायरेक्टर और मालिक संजय भाटी, सचिन भाटी एवं अन्य लोगों ने ओला की तर्ज पर बाइक बोट स्कीम के तहत प्रति बाइक ?62,100 रुपये निवेश कराने के बदले, हर माह ?9,765 रुपये का लाभ देने का झांसा देकर उनसे और अन्य निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी की। शिकायत के आधार पर धारा 420, 406, 34 भादवि. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर गौतमबुद्ध नगर रवाना किया गया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी संजय भाटी, राजेश भारद्वाज और करणपाल सिंह वर्तमान में केंद्रीय कारागार भरतपुर में निरुद्ध हैं। जिसके बाद रायपुर पुलिस ने संबंधित न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## मचा हड़कंप, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

# राजधानी के तालाब में तैरता हुआ मिला नवजात का शव

विजय मत, रायपुर

राजधानी रायपुर में रविवार से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। शहर के बूढ़ातालाब में आज सुबह नवजात का शव तैरता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। तालाब पहुंचे मछुआरे ने शिशु के शव को देखा तो उनके होश उड़ गए, उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में नवजात का शव मिलने की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद तालाब से शव को बरामद किया गया और पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही आसपास के अस्पताल के रिकॉर्ड्स चेक किए जा रहे हैं।



फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुरानी बस्ती थाना के टीआई योगेश कश्यप ने बताया कि लोगों के माध्यम से सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह भ्रूण लगभग 7 से 8 महीने का बताया जा रहा है। पुलिस आसपास के अस्पतालों में पूछताछ कर रही है, और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# नाबालिग हत्या मामले से जुड़ा सीसीटीवी वीडियो आया सामने

विजय मत, रायपुर

राजधानी से लगे खरोरा थाना क्षेत्र में नाबालिग की हत्या के मामले में चौंकाने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। खरोरा थाना क्षेत्र के बेल्दार सिवनी गांव में 27 जून को मुस्कान का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। अब जो नई जानकारी सामने आई है, उससे वारदात को अंजाम देने का शक मृतका के दूर के रिश्तेदार साहिल धीवर पर और भी गहरा हो गया है। सीसीटीवी फुटेज में मुस्कान किसी युवक के साथ बाइक पर जाती दिखाई दे रही है। पुलिस को आशंका है कि बाइक चला रहा युवक साहिल



धीवर है, जो मृतका का दूर का रिश्तेदार है। वहीं दूसरी तस्वीर में साहिल को अकेले बाइक से लौटते हुए देखा गया है, जिससे शक और गहरा गया है। पुलिस के अनुसार, वारदात के बाद साहिल रायपुर छोड़कर फरार हो चुका है। फिलहाल खरोरा पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है और लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। बता दें कि 27 जून को बेलदार सिवनी गांव के पास खेत में नाबालिग का शव मिला था।

## एसपी कार्यालय के सामने सरपंच पति की फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से सरपंच के सुसाइड का मामला सामने आया है। पुलिस अधिक्षक कार्यालय के सामने सरपंच के पति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक की पहचान कावापाल पंचायत की सरपंच के पति कमलोचन बघेल के रूप में हुई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, एसपी कार्यलय के सामने चाय की दुकान पर आज सुबह सरपंच पति कमलोचन बघेल की लाश मिलने से हड़ंकप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया. पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के साक्ष्य मिले हैं।

## असिस्टेंट डायरेक्टर का घिनौना करतूत, गिरफ्तार

# शादी का झांसा देकर युवती से करता रहा शारीरिक शोषण

विजय मत, जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत जांजगीर में पदस्थ सहायक संचालक को पुलिस ने अनाचार, धोखाधड़ी और धमकी जैसे गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया है। सहायक संचालक पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक शारीरिक शोषण करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जांजगीर थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, दिग्विजय दास महंत कटघोरा निवासी जो वर्तमान में



जिला पंचायत जांजगीर में पदस्थ है। आरोपी ने एक युवती से जान-पहचान बढ़ाकर मोबाइल फोन के माध्यम से बातचीत शुरू की और शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर युवती को धोखे में रखा, जबकि वह पूर्व से विवाहित था।

जब पीड़िता ने संबंध खत्म करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित होती रही। पीड़िता की शिकायत पर जांजगीर थाना में आज अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन और एसडीओपी कविता ठाकुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई। टीम ने आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## कुल्हाड़ी से तोड़कर एटीएम को लूटने की कोशिश, भागने से पहले आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा



**सुकमा।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय के परिसर स्थित एटीएम को लूटने का प्रयास किया गया। आरोपी कुल्हाड़ी से एटीएम को तोड़कर जैसे ही पैसे निकलने वाला ही था, तब तक मौके पर पुलिस पहुंच गई. पुलिस को देख आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे धरदबोचा. दरअसल, कलेक्टर परिसर के भीतर स्थित एटीएम पंजाब नेशनल बैंक का जिला मुख्यालय का एकमात्र एटीएम है। देर रात 2 बजे बॉम्बे स्थित हेड क्वार्टर में सायरन बजा, जिसके बाद आनन-फानन में जिले के बड़े अधिकारियों को फोन आया, और फिर पुलिस हरकत में आई। पुलिस गाड़ी को देख आरोपी देवेंद्र यादव ने भागने का प्रयास किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी, और वह धरा गया। मामले में सुबह बैंक के कर्मचारी ने थाने पहुंचे एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद आगे की कारवाई की जा रही है। आरोपी कूकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सूर्यपाल गांव का निवासी है।

# रायपुर पुलिस की कोर्टयार्ड मैरिएट होटल बार में रेड

विजय मत, रायपुर

शहर के वीआईपी रोड समेत अन्य इलाकों में विगत शुक्रवार और शनिवार को आबकारी की जिला , संभाग और राज्यस्तरीय टीमों द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। होटल , बारों , रेस्टोरेंट के निर्धारित समय बाद तक संचालित होने की शिकायतों पर पुलिस थानों और क्राइम ब्रांच की टीम ने भी शिकायत के आधार पर जांच की। राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा शहर के पांच बारों में छापामार कार्यवाही की जिसमें सूर्या बार के समय पश्चात खुला पाए जाने और होटल ओलिव , सेंट्रल पॉइंट , महिंद्रा और ली रॉय बार में पार्सल के रूप में विक्रय करते पाए जाने पर सुसंगत धाराओं में विभागीय प्रकरण कायम किया गया। शनिवार दिनांक 28/6/2025 को संभागीय



उड़नदस्ता रायपुर द्वारा 6 छापामार कार्यवाहियां की गई। एलोरा , इशिका और सुधा रीजेंसी होटल बारों में पार्सल के रूप में विक्रय पाए जाने और होटल कोपाइको में बिना लाइसेंस मद्यपान करते पाए जाने पर सुसंगत धाराओं में विभागीय और आपराधिक प्रकरण कायम किए गए। जिला रायपुर के आबकारी और पुलिस के दल द्वारा अलग - अलग शनिवार दिनांक 28/6/2025 को होटल पुनीत , सेंट्रल पॉइंट , आदित्य , विनार , सवेरा , सालिटायर , मयूरा , सतलज , आर्किड , कोर्टयार्ड मैरियट , कोया , जूक , एल्सव्हेयर , हाइपर क्लब , धूम्स विलेज और वीआईपी रोड के अन्य होटल रेस्टोरेंट की जांच की गई। कोर्टयार्ड मैरिएट होटल बार द्वारा निरीक्षण पुस्तिका और स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत न किए जाने और समय पश्चात खुला पाए जाने पर विभागीय प्रकरण कायम किया गया।

## लाश की शिनाख्त करने में पुलिस ने बरती लापरवाही, एसडीएम ने अब कब्र से निकलवाया

**रायपुर।** राजधानी में पुलिस की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। उरला थाना क्षेत्र में एक युवक की लाश को बिना शिनाख्त किए लावारिस मानकर दफना दिया गया जबकि शव की पहचान की जा सकती थी। मृतक के परिजनों को जब इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने थाने में



पहुंचकर जमकर हंगामा किया। मामला दो दिन पुराना है जब कन्हेरा बायपास पर एक क्षतविक्षत अवस्था में युवक की लाश बरामद हुई थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त की कोशिश किए बिना उसे अज्ञात मानते हुए दफनाने की प्रक्रिया पूरी कर दी। लेकिन अब सामने आया है कि मृतक की पहचान 24 वर्षीय दयानंद साहू के रूप में हुई है जो अपने दोस्त के साथ घर से निकला था। दयानंद के दोस्त ने परिजनों को बताया कि युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। जब परिजन उरला थाना पहुंचे और शव के बारे में जानकारी ली तो पुलिस ने लापरवाही पूर्वक दफनाए गए शव की बात बताई। इससे परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने थाने में प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा।

# डंप 300 ट्रैक्टर रेत जब्त खनिज विभाग ने लिया एक्शन



विजय मत, बिलासपुर

जिले के बेलगहना क्षेत्र में 300 ट्रैक्टर अवैध रेत पकड़ाई है। खनिज विभाग ने 14 अलग-अलग स्थानों से रेत जब्त की है। यह कार्रवाई कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर की गई। पुलिस, खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 500 टन अवैध रेत जब्त की जा चुकी है। इसके साथ ही रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में इस्तेमाल 86 वाहन भी जब्त किए गए हैं। इस मामले में 56 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस जल्द ही कोर्ट में चालान पेश करने की तैयारी में है। खनिज विभाग की टीम ने बेलगहना तहसील के करही कछार, रतखंडी, खोलिपारा, झेझरिपारा और केकराडीह क्षेत्र का निरीक्षण किया। करही कच्छार पंचायत के खोलिपारा, झेझरिपारा और केकराडीह मोहल्ले में यह रेत मिली। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि इतनी बड़ी मात्रा में रेत कौन डंप कर गया। जब्त की गई रेत को ग्राम कोटवार मुक्ता मणि मानिकपुरी के सुपुर्द कर दिया गया है। यह कार्रवाई खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

# घर में घुसा तेज रफ्तार कार, चार घायल

विजय मत, सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में रविवार दोपहर रूह कंपा देने वाला भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर घर में जा घुसी, इस दौरान मौजूद परिवार के लोग दुर्घटना का शिकार हो गए। दो महिला समेत चार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर को पीटना शुरू कर दिया। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल मौके पर मौजूद है। घटना दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कंठी की है। जानकारी के मुताबिक, घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे की है। महिलाएं और बच्चे घर के बरामदे में मौजूद थे। इसी दौरान मैनपाट से अंबिकापुर जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर घर के आंगन में घुस गई। हादसे में दो महिला और दो बच्चे घायल हो गए। एक महिला के सिर फट गया। तो दूसरी महिला का पैर कट गया है। घटना के बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। वहीं टक्कर और चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई।



### ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, कार सवारों को पीटा

कार में तीन लोग सवार थे, जिन्हें आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर पीटा है। वाहन चालक शराब के नशे में धुत बताया जा रहा है। गुस्सा इतना है कि उन्होंने कार को पलटा दिया। मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। लगातार स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है।

### हिरासत में आरोपी

पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है। आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मजाक-मजाक में हुआ खूनी अंजाम, धमतरी में 7 गिरफ्तार

**धमतरी।** कोड़ेबोड़ गांव में शनिवार देर रात दो युवकों के बीच मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। इस विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, रमेश नवरंगे और सत्यम नागार्ची के बीच शराब और खाने-पीने को लेकर मजाक शुरू हुआ जो धीरे-धीरे विवाद में बदल गया। बहस के दौरान सत्यम ने रमेश को धमकी दी और वहां से चला गया। रात करीब 11 बजे सत्यम अपने 6-7 साथियों के साथ डंडे और लोहे की रॉड लेकर रमेश के घर पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। झगड़ा शांत कराने पहुंचे रमेश के पिता कोमल नवरंगे पर भी आरोपियों ने बेरहमी से वार किया। उन्हें गंभीर हालत में सिविल अस्पताल कुरूद लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हमले के बाद आरोपी फिर रमेश के घर पहुंचे और उसके छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी। मोहल्लेवासियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मुख्य आरोपी सत्यम नागार्ची सहित सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# सहकारी बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर युवती से 6 लाख की ठगी, गिरफ्तार

विजय मत, दुर्ग

**दुर्ग।** जिले से सहकारी बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर एक युवती के साथ ठगी का मामला सामने आया है। ठगी करने वाले आरोपी को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल अहिवारा निवासी प्रार्थिया ज्योति साहू ने नंदिनी थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी कि, जयकुमार वर्मा द्वारा सहकारी मर्यादित अपेक्स बैंक में प्रबंधक के पद में भर्ती करवा देगा। इसके लिए उसे 6 लाख रुपए देने पड़ेंगे। नौकरी के लालच में वर्ष 2023 से 2024 के बीच कुल 6 लाख रुपए प्रार्थिया के द्वारा नगद दिए गए थे। काम नहीं होने



पर जब प्रार्थिया ने पैसों की मांग की गई तब रिसाली निवासी आरोपी जय कुमार वर्मा द्वारा 10 और 12 मई 2025 के दो लाख रुपए के दो चेक उसे दे दिया। इसके बाद जब उसके द्वारा दिए चेक को जय वर्मा के खाते में लगाया गया, तो वह बाउंस हो गया। प्रार्थिया के साथ धोखाधड़ी किए जाना पाए जाने पर इधर नंदिनी नगर थाना पुलिस ने विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मंधाना के शतक से भारतीय टीम ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

### सीरीज में 1-0 से आगे हुई

**लंदन, एजेंसी**



कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार शतक और अपना पहला ही मैच खेल रही श्री चरणी की अच्छी गेंदबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये पहले ही टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 97 रन से हरा दिया। इस मैच में मिली जीत के साथ ही भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैंच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवरों में ही 113 रनों पर सिमट गयी। भारतीय टीम की जीत में मंधाना और चरणी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंधाना ने जहां 112 रन बनाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। वहीं श्री चरणी ने 4 विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है। मंधाना इस मैच में शतक लगाने के साथ ही टी20 में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी हैं। इस मैच में जीत के लिए मिले 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही आर उसने लगातार विकेट गंवाए। उसकी ओर से केवल कप्तान नेट शीवर ब्रंट ने ही सबसे अधिक 66 रन बनाये। इंग्लैंड के केवल तीन बल्लेबाज ही दो अंकों से ऊपर पहुंच पाये।

## सैमी पर आईसीसी ने 15 फीसदी जुर्माना लगाया

**दुबई, एजेंसी**



वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरन सैमी को टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करना महंगा पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सैमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने का दोषी पाते हुए उनपर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। सैमी ने मैच के दूसरे दिन डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के फैसलों पर सवाल उठाये थे। सैमी ने मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए थे, इसी कारण से उन पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में वेस्टइंडीज को हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में अंपायर पर एक नहीं पांच-पांच गलत फैसले देने के आरोप लगे। इसमें से चार वेस्टइंडीज के खिलाफ गये जिससे उसकी परेशानी बढ़ गयी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को डीआरएस के बाद नॉट आउट दिया गया। वहीं वेस्टइंडीज के शाई हॉप के आउट होने पर भी सवाल उठे।

### पंत के 5 टेस्ट में 6 शतक के बावजूद 4 हार और 1 ड्रॉ

# विदेश में ऋषभ पंत के शतक वाले ज्यादातर मैचों में भारत हारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टीम इंडिया के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत ने विदेशी जमीन पर टेस्ट क्रिकेट में अब तक 6 शानदार शतक जड़े हैं, लेकिन यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक अनोखा और कुछ हद तक निराशाजनक संयोग भी रहा है कि जिन 5 टेस्ट मैचों में उन्होंने ये सेंचुरी लगाई, उनमें से एक में भी भारत को जीत नसीब नहीं हुई। पंत के विदेशी शतकों में भारत को चार बार हार झेलनी पड़ी और एक मुकाबला ड्रॉ रहा। उनका यह सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट से शुरू होता है और अब तक जारी है।

पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के दौरान हेडिंग्ले के मैदान पर पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन की दो जबरदस्त पारियां खेलीं। लगा कि यह मैच भारत के पक्ष में जाएगा, मगर भारत 5 विकेट से हार गया। इसके बाद भी पंत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, लेकिन नतीजे भारत के पक्ष में नहीं जा सके। साल 2018 में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ केनिंगटन



ओवल में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक जमाया था। उन्होंने 114 रन बनाए थे, पर भारत वह मैच भी हार गया। 2019 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट में उन्होंने 159 रन की नाबाद पारी खेली। उस समय उनकी बल्लेबाज़ी ने टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, लेकिन मैच का नतीजा नहीं निकल सका और मुकाबला ड्रॉ रहा। 2022 में पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन के न्यूलैंड्स टेस्ट में 100 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसके बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा। इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन में पंत ने 146 रन की शानदार पारी खेली। यह पारी उस मुश्किल समय में आई जब भारत संकट में था। उन्होंने टीम को संभाला, लेकिन इसके बावजूद भारत मैच हार गया। इस तरह ऋषभ पंत ने विदेशी सरजमीं पर पांच टेस्ट में छह शतक लगाए हैं, मगर इनमें से भारत को एक भी जीत नसीब नहीं हुई। फैंस और विशेषज्ञ दोनों ही मानते हैं कि पंत का विदेशी पिचों पर यह आक्रामक और भरोसेमंद अंदाज भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद जरूरी है। अब सभी की नजरें इस बात पर हैं कि क्या आने वाले इंग्लैंड दौरे में यह संयोग टूटेगा और पंत की शतकीय पारी भारत को जीत दिला पाएगी।

## गौतम गंभीर पर बढ़ा दबाव, टेस्ट क्रिकेट में नतीजे देने की चुनौती : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गौतम गंभीर जब से भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बने है तब से टीम के प्रदर्शन को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। उनके कोच बनने के बाद टीम में कई बदलाव देखे गए हैं। हालांकि गंभीर बार-बार यह कहते रहे हैं कि टीम का चयन वे नहीं करते, लेकिन सभी जानते हैं कि चयन समिति कप्तान और कोच से बातचीत के बाद ही टीम को अंतिम रुप देने का काम करती है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जैसे अहम टूर्नामेंट जीते हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में हाल के वर्षों में टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। इसी को लेकर उनके पुराने साथी और पूर्व भारतीय ओपनर आकाश चोपड़ा ने भी खुलकर कहा है कि अब गंभीर को नतीजे देने होंगे।

हाल ही में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत को हार झेलनी पड़ी। इंग्लैंड के खिलाफ भी सीरीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। हेडिंग्ले टेस्ट में



शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने 371 रन का बड़ा लक्ष्य देने के बावजूद पांच विकेट से हार का सामना किया। आकाश चोपड़ा का मानना है कि अब गंभीर के पास ज्यादा समय नहीं है और उन्हें जल्द अच्छे नतीजे देने होंगे वरना उन पर दबाव और बढ़ेगा।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि शुभमन गिल को फिलहाल दोष नहीं दिया जा सकता क्योंकि उन्होंने हाल ही में कप्तानी संभाली है और उन्हें अभी वक्त मिलेगा। लेकिन कोच के तौर पर गंभीर से सवाल जरूर पूछे जाने चाहिए। उनके मुताबिक ÷भारतीय क्रिकेट में यह सिद्धांत है कि अच्छा होगा तो तारीफ होगी और खराब होगा तो आलोचना भी होगी। मैं गिल के साथ अभी धैर्य रखूंगा, लेकिन गंभीर से सवाल जरूर होंगे।

आकाश चोपड़ा ने गंभीर के टेस्ट रिकॉर्ड की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि गंभीर की कोचिंग में भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच जीता है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन और इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट हार भी झेली है। उन्होंने साफ कहा कि गंभीर लगातार हार रहे हैं और दबाव बढ़ता जा रहा है।

चोपड़ा ने यह भी कहा कि बीसीसीआई ने गंभीर की सभी मांगें मानी हैं। जो भी खिलाड़ी मांगा गया, वो दिया गया। चयनकर्ता वही दे रहे हैं जो टीम मैनेजमेंट चाहता है। ऐसे में अब कोई बहाना नहीं है। आपको नतीजे देने होंगे। सफेद गेंद क्रिकेट में प्रदर्शन अच्छा है, लेकिन टेस्ट में सवाल उठेंगे और इंग्लैंड के खिलाफ यह सीरीज बहुत अहम है। अगर यह सीरीज खराब गई तो सवाल जरूर खड़े होंगे।

## स्टीव स्मिथ जल्द वापसी कर सकते हैः पैट कमिंस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट मैच में 159 रनों से हराकर सीरीज में बढ़त बना ली। हालांकि, स्कोरलाइन से अलग मैच में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी, लेकिन कमजोर बल्लेबाजी के चलते उन्हें हार झेलनी पड़ी। खास बात यह रही कि ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मुकाबले में अपने दो प्रमुख बल्लेबाजों स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के बिना उतरी। स्मिथ चोटिल होने के कारण बाहर रहे जबकि लाबुशेन को लगातार खराब फॉर्म की वजह से टीम से ड्रॉप किया गया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बताया कि स्मिथ अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में स्लिप में कैच लेते समय चोट लगी थी। कमिंस के मुताबिक स्मिथ ने न्यूयॉर्क में हल्की प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, ÷उन्होंने न्यूयॉर्क में कुछ ओवर खेले हैं, शायद टेनिस बॉल से ही सही। घाव अब ठीक लग रहा है। अगला स्टेज यहां आकर नेट्स में गेंदें खेलना है। हम आने वाले दिनों में देखेंगे कि वह कब तक पूरी तरह फिट हो पाते हैं।÷ स्मिथ की कोशिश 3 जुलाई से ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट होकर लौटने की है।



पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को उनकी गैरमौजूदगी काफी खली। पहली पारी में टीम ने 22 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे, जबकि दूसरी पारी में 65 तक चार विकेट गिर गए। यह 2018 के बाद पहली बार था जब ऑस्ट्रेलिया की टीम स्मिथ और लाबुशेन दोनों के बिना उतरी। लाबुशेन की जगह मिले मौके में युवा सैम कोटास प्रभावित नहीं कर सके। उन्होंने पहली पारी में तीन और दूसरी में सिर्फ पांच रन बनाए और दोनों पारियों में शमार जोसेफ का शिकार बने। जोश इंग्लिश भी खास योगदान नहीं दे सके और कुल 17 रन ही बना पाए। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों के दम पर जीत दर्ज की। कमिंस ने यह भी माना कि बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत है और स्मिथ की वापसी से टीम को संतुलन मिलेगा। वेस्टइंडीज की ओर से गेंदबाजों ने अच्छा संघर्ष किया लेकिन बल्लेबाज दबाव नहीं झेल सके और पूरी टीम दोनों पारियों में लड़खड़ा गई।



### भारत के कुल निर्यात में मई 2025 में 2.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई

# वैश्विक अस्थिरता के दौर में भी मजबूत बनी हुई है भारतीय अर्थव्यवस्थाः केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त वर्ष 26 के पहले दो महीने में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वित्त मंत्रालय ने मासिक रिव्यू में बताया कि मजबूत घरेलू मांग, कम होती महंगाई, मजबूत एक्सटर्नल सेक्टर और एक स्थिर रोजगार की स्थिति के कारण वैश्विक अस्थिरता के दौर में भी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। वित्त वर्ष 26 में भी सकारात्मक रुझान जारी रहने की संभावना है, शुरुआती हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स (एचएफआई) संकेत दे रहे हैं कि आर्थिक गतिविधि मजबूत बनी हुई है। ई-वे बिल जनरेशन, ईंधन खपत और पीएमआई सूचकांक जैसे एचएफआई निरंतर मजबूती की ओर इशारा करते हैं। ग्रामीण मांग में और मजबूती आई है, जिसे रबी की अच्छी फसल और सकारात्मक मानसून के



पूर्वानुमान से सपोर्ट मिला है। शहरी खपत को अवकाश और व्यावसायिक यात्राओं में वृद्धि से समर्थन मिल रहा है। हवाई यात्रियों की आवाजाही और होटलों में लोगों की बढ़ती संख्या में इसे आसानी से देखा जा सकता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू संकेतक काफी हद तक सकारात्मक रहे हैं, बाहरी घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप वित्तीय बाजारों में अस्थिरता देखी गई। 2025 की शुरुआत में व्यापार तनाव में वृद्धि हुई और उसके बाद दूसरी तिमाही में आंशिक कमी देखी गई। रिव्यू में कहा गया है कि एक्सटर्नल सेक्टर पर भारत के कुल निर्यात में मई 2025 में 2.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई, जो टैरिफ अनिश्चितताओं और कमजोर वैश्विक आर्थिक स्थितियों के बीच हमारे निर्यात की मजबूती बताता है।

## देश के कई नामी बैंक एफडी पर दे रहे 8.30 फीसदी तक ब्याज दरें

- एसबीआई सामान्य ग्राहकों को 3 से 7.10, सीनियर सिटीजन 3.50 से 7.60 फीसदी तक दे रहा ब्याज

**मुंबई, एजेंसी**

एफडी एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है, जो तय समय के बाद गारंटीड रिटर्न के अच्छा ब्याज भी देता है। इस समय देश के कई नामी बैंक एफडी पर 8.30 फीसदी तक आकर्षक ब्याज दरें ऑफर कर रहे हैं। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) द्वारा सामान्य ग्राहकों को एफडी पर 3 फीसदी से 7.10 फीसदी तक और सीनियर सिटीजन को 3.50 फीसदी से 7.60 फीसदी तक ब्याज दिया जा रहा है। वहीं, एचडीएफसी बैंक सामान्य ग्राहकों को 3 फीसदी से 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 3.50 फीसदी से 7.75 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है। आईसीआईसीआई बैंक की दरें भी समान हैं, जहां सामान्य ग्राहकों को 3 फीसदी से 7.10 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 3.50 फीसदी से 7.60 फीसदी तक का रिटर्न दे रहा है। आरबीएल बैंक सबसे अधिक ब्याज दे रहा है। यह बैंक सामान्य ग्राहकों को 3.50 से 7.80 फीसदी और सीनियर सिटीजन को 4 से 8.30 फीसदी तक का अच्छा ब्याज दे रहा है, जो फिलहाल बाजार में सबसे अधिक है। कोटक महिंद्रा बैंक अपने एफडी स्कीम में सामान्य ग्राहकों को 2.75 से 7.20 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 3.25




फीसदी से 7.70 फीसदी ब्याज दे रहा है। वही आईडीबीआई बैंक की ब्याज दरें सामान्य ग्राहकों के लिए 3 फीसदी से 6.75 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 3.50 से 7.25 फीसदी तक हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा भी एफडी निवेशकों के लिए एक बेहतर विकल्प है। यहां सामान्य ग्राहकों को 3 से 7.05 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 3.50 से 7.55 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है। पंजाब नेशनल बैंक सामान्य ग्राहकों को 3.50 से 7.25 फीसदी और सीनियर सिटीजन को 4 फीसदी से 7.75 फीसदी ब्याज दे रहा है। वहीं, एक्सिस बैंक में सामान्य निवेशकों को 3.50 से 7.10 और सीनियर सिटीजन को 3.50 से 7.85 फीसदी तक का ब्याज दे रहा है। जबकि केनरा बैंक की ब्याज दरें सामान्य ग्राहकों के लिए 4 से 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 4 से 7.75 फीसदी हैं। एफडी चुनते समय सिर्फ ब्याज दर ही नहीं, बल्कि निवेश अवधि, ब्याज भुगतान का तरीका, कर से जुड़ी बातें और बैंक की विश्वसनीयता को भी आपके लिए जानना बहुत जरूरी है। सीनियर सिटीजन को आम तौर पर अधिक ब्याज दर का लाभ मिलता है, जिससे उनकी बचत और भी फायदेमंद हो सकती है।

## वृहद आर्थिक आंकड़े व वैश्विक रुझान तय करेंगे स्थानीय शेयर बाजार की चाल

- विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की नजर रहेगी

**मुंबई, एजेंसी**

इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी घरेलू शेयर बाजारों की चाल। बाजार के जानकारों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की नजर रहेगी।

एक ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। इसके अलावा एक जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की



स्थिति की जानकारी मिलेगी। इसके बाद तीन जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

बाजार के एक अन्य जानकार ने कहा कि जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र नजदीक आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इसके साथ बाजार भागीदार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ-साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

इससे संस्थागत प्रवाह में सुधार, अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की संभावनाओं से समर्थन मिलेगा। घरेलू स्तर पर आईआईपी और पीएमआई के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही मानसून की प्रगति और एफआईआई की गतिविधियां भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## देश का स्वर्ण भंडार बढ़कर 870 टन पहुंचा

- केंद्रीय बैंक 12.5 किलो की सोने की ईंट के रूप में रखता है स्वर्ण भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने के महत्व को समझता है। इसी ?लिए वह 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और वर्तमान में यह लगभग 870 टन पहुंच गया है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गयी है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। जहां अमेरिका में यह लगभग 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। वृत्त चित्र में दी गयी जानकारी के अनुसार केंद्रीय बैंक 1991 के आर्थिक संकट के बाद सोने का भंडार कई गुणा बढ़ा चुका है और देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में लगभग 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है।

## सीमेंट की बिक्री मई में नौ प्रतिशत कीमतें आठ फीसदी बढ़ी

- मई, 2025 में कीमतें बढ़कर 360 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बोरी हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस साल मई में सीमेंट उद्योग की बिक्री मात्रा के लिहाज से नौ प्रतिशत बढ़कर 3.96 करोड़ टन रही, जबकि सीमेंट की कीमतों में औसत आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक रेटिंग एजेंसी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, सीमेंट उद्योग ने मई, 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया और इस दौरान कीमतें आठ प्रतिशत बढ़कर 360 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की बोरी हो गईं। रिपोर्ट के अनुसार कच्चे माल की स्थिर लागत के कारण परिचालन मार्जिन में भी सुधार हुआ, क्योंकि कोयले और पेटकोक की कीमतें कम हैं और डीजल की कीमतें स्थिर हैं। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-



26 के पहले दो महीनों में कीमतें सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 360 रुपये प्रति बोरी (50 किलोग्राम) हो गईं। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की समान अवधि में कीमतें सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 340 रुपये प्रति बोरी रह गईं थीं। इसके अलावा, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल और मई के दौरान बिक्री मात्रा सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 7.87 करोड़ टन हो गई। इक्रा ने संभावना जताई कि आवास और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों से निरंतर मांग के कारण चालू वित्त वर्ष में सीमेंट की बिक्री मात्रा सालाना आधार पर छह से सात प्रतिशत बढ़कर 48-48.5 करोड़ टन हो जाएगी।

# वित्त सेवा के अधिकारी पारदर्शी, जवाबदेह एवं निष्ठापूर्वक कार्यो का निर्वहन करें : वित्त मंत्री

## छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ का वार्षिक आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न

**‘सुनिधि’ स्मारिका का किया विमोचन, नई वेबसाइट का हुआ शुभारंभ**

विजय मत, रायपुर

वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय अनुशासन को मजबूत बनाने में वित्त सेवा अधिकारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों से अपने दायित्वों को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने संघ द्वारा उठाई गई मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया। आमसभा की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव श्री आर. एस. विश्वकर्मा ने की।



छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में वार्षिक आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान समारोह से हुआ। मंच पर उपस्थित अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसके उपरांत वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सुनिधि स्मारिका के द्वितीय संस्करण का विमोचन करते हुए संघ की नव निर्मित वेबसाइट का विधिवत उद्घाटन किया।

संघ के अध्यक्ष डॉ. अल्पना घोष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आमसभा की कार्यवाही का संचालन किया तथा विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव सदन के समक्ष रखे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। कोषाध्यक्ष श्री अनिल पाठक ने संघ के आय-व्यय का विस्तृत विवरण सभा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेवानिवृत्त वित्त अधिकारियों ने अपने दीर्घ अनुभव साझा करते हुए प्रेरक व्याख्यान दिए। वहीं उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उत्साह एवं उमंग से भर दिया।

इस अवसर पर वित्त विभाग की विशेष सचिव श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा, विशेष सचिव श्री चंदन कुमार तथा कोष एवं लेखा संचालक श्री रितेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत समापन संघ के सचिव श्री सचिन शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# हैदरी इमामबाड़े में रक्तदान शिविर,172 यूनिट ब्लड डोनेट

विजय मत, रायपुर



करबला के शहीद हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम व उनके 72 साथियों की याद में मनाए जा रहे मोहर्रम में आज 3 मोहर्रम (29 जून) को हैदरी ब्लड ग्रुप व बिलासा ब्लड सेंटर के तत्वाधान में मोमिनपारा स्थित हैदरी इमामबाड़े में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। इस रक्तदान शिविर में 172 लोगों ने रक्तदान कर इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसमें 147 पुरुष एवं 25 महिलाओं ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन पिछले 4 वर्षों से किया जा रहा है।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मान में चरण पादुका योजना का पुनः शुभारंभ : मुख्यमंत्री साय

## स्वाभिमान और सुरक्षा का प्रतीक बनी चरण पादुका योजना

विजय मत, रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग जिले के जामगांव में महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका पहनाकर ‘चरण पादुका योजना’ का पुनः शुभारंभ किया गया। प्रदेश के 12 लाख 40 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार वनवासियों और तेंदूपत्ता संग्राहक भाइयों-बहनों के जीवन स्तर को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

चरण पादुका योजना उन परिश्रमी हाथों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है, जो कठिन परिस्थितियों में वनोपज संग्रहण का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था, वनोपज आधारित रोजगार और स्थानीय समृद्धि में अमूल्य योगदान है। उनकी मेहनत से ही छत्तीसगढ़ की वनोपज परंपरा जीवंत बनी हुई है और लाखों परिवारों को आजीविका का सहारा मिलता है। ‘चरण पादुका योजना’ हमारे संकल्प पत्र मोदी की गारंटी का महत्वपूर्ण वादा था, जिसे हमारी सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। यह योजना केवल चरण पादुका वितरण भर नहीं, बल्कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम और स्वाभिमान का सम्मान है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस योजना के माध्यम से हम तेंदूपत्ता संग्राहकों के उस परिश्रम को नमन कर रहे हैं, जो जंगलों की पगडंडियों से होकर प्रदेश की समृद्धि तक पहुँचता है। सरकार उनके हर सुख-दुख में सहभागी है और उनके जीवन में गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। उनकी मेहनत से ही छत्तीसगढ़ की वनोपज परंपरा जीवंत बनी हुई है और लाखों परिवारों को आजीविका का सहारा मिलता है। %चरण पादुका योजना% हमारे संकल्प पत्र मोदी की गारंटी का महत्वपूर्ण वादा था, जिसे हमारी सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है। यह योजना केवल चरण पादुका वितरण भर नहीं, बल्कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के श्रम और स्वाभिमान का सम्मान है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस योजना के माध्यम से हम तेंदूपत्ता संग्राहकों के उस परिश्रम को नमन कर रहे हैं, जो जंगलों की पगडंडियों से होकर प्रदेश की समृद्धि तक पहुँचता है। सरकार उनके हर सुख-दुख में सहभागी है और उनके जीवन में गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।

# जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी लेकर बच्चों ने किया शान्ति कलश पूजन



**रायपुर (विजय मत)।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी की पावन प्रेरणा से श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चों ने इस संडे को शान्ति कलश की विधि सिखी । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस भौतिक युग में बच्चों के जीवन को धर्म के मार्ग पर मोडऩा जरूरी है।

# रासायनिक खादों की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं, समितियों में खाद का हो पर्याप्त भण्डारण-केदार

विजय मत, रायपुर



♦ उपलब्धता के हिसाब से किसानों को मांग के अनुरूप मिले रासायनिक खाद

♦ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कमी को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक खाद के लिए करें जागरूक

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए प्रदेश में डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है तो डीएपी के वैकल्पिक खादों के प्रति किसानों को जागरूक करें और जो वैकल्पिक खाद उपलब्ध है किसानों को दिया जाए।

उन्होंने बैठक में कहा कि किसानों को सहुलियतें प्रदान करना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। मंत्री श्री केदार कश्यप अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सहकारिता और उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों की बैठक में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखने के संबंध में समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाए।

उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण हो और किसानों की मांग के अनुरूप खाद मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनी डीएपी के छिड़काव के प्रति भी किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से समन्वय कर खाद सप्लाई के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में डीएपी खाद सप्लाई की संभावना है।

# दृष्टिबाधिता को हराकर बने प्रोफेसर, अब नॉर्मल बच्चों को पढ़ा रहे



**रायपुर।** चंगोराभाठा स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बधितार्थ हायर सेकंडरी स्कूल में पहली बार पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 150 पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें पहले बैच के छात्र और शिक्षक भी मौजूद थे। कार्यक्रम में अधीक्षक एवं प्राचार्य अमित त्रिवेदी समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। पूर्व छात्रों ने स्कूल से जुड़ी यादें साझा कीं, वहीं वर्तमान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपने सीनियर्स का स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी अपनी दिव्यांगता भूल पुराने दौर को याद करते रहे और खूब हंसी-ठिठोली की।

# जीवन की बैलेंसशीट को संतुलित कर बनी पहली महिला शूटर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस नगरसेना में सैनिक 45 साल की लक्ष्मी साहू प्रदेश की पहली महिला शूटर हैं, जिन्होंने एयर राइफल में पहला गोल्ड मेडल जीता और हाल ही में दिल्ली में हुए नेशनल शूटिंग कॉम्पीटिशन में भी उन्हें सेकंड प्राइज मिला। लक्ष्मी कहती हैं कि शूटिंग का शौक बचपन से ही था और घर के खेल वाले माहौल ने इस शौक को और बढ़ा दिया।

वर्ष 2007 में जब नगरसेना में भर्ती हुई तो वहां भी फायरिंग की ट्रेनिंग में मुझे मेडल मिला। इसी इनाम से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। वर्ष 2007 में शौकिया तौर पर खेलना शुरू किया और आज इन 18 वर्षों में कई सारे मेडल जीतकर प्रदेश की एकमात्र महिला एयर राइफल शूटर बनी।

# जीवन रक्षक डॉक्टर समाज के सच्चे नायक हैं : डेका

विजय मत, रायपुर



जीवन रक्षक डॉक्टर समाज के सच्चे नायक हैं जो दिन-रात नि÷ स्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर उनकी जान बचाते हैं। उनकी मेहनत, उनका ज्ञान और सेवा भावना समाज को स्वस्थ्य बनाती है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज धन्वंतरी सम्मान कार्यक्रम में उक्त बाते कही।

श्री डेका आईबीसी 24 न्यूज चैनल द्वारा आयोजित धन्वंतरी सम्मान समारोह में कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में राज्य भर के उत्कृष्ट अस्पतालों, चिकित्सकों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री डेका ने कहा कि भगवान धन्वंतरी के नाम पर रखा गया यह सम्मान डॉक्टरों को समर्पित है जो दिन-रात बिना थके, बिना रूके इंसान की सेवा में लगे रहते हैं। शहर हो या गांव, सामान्य सर्दी-खांसी हो या कोई बड़ी बीमारी डॉक्टर हर इलाज के लिए तत्पर रहते हैं। श्री डेका ने कहा कि चिकित्सा सबसे श्रेष्ठ व्यवसाय है। भारत एक विशाल देश जहां 140 करोड़ से अधिक लोग रहते है। उनको स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा को व्यवसाय न बनाया जाए इसमे मानवीय संवेदना की जरूरत है। चिकित्सकों का दायित्व बहुत बड़ा है, उनसे बहुत अपेक्षाएं है, धैर्य के साथ सेवा को प्राथमिकता दें।

श्री डेका ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना के तहत ‘प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत योजना’ शुरू की गई है जिसका लक्ष्य भारत को टी.बी. जैसे रोग से सदा के लिए मुक्ति दिलाना है। इसमें आप सब अपनी ओर से महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि टी.बी. के साथ-साथ ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जनमानस में जागरूकता की कमी है। विशेष कर गांवों में इन बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

उन्होंने चिकित्सकों से आव्हान किया कि ब्रेस्ट कैंसर और टी.बी. उन्मूलन के लिए कार्य करेंल ।

# बीमारी बढ़ने से पहले उसका रोकथाम करना है आवश्यक सरकार इस दिशा में है प्रयासरत : मंत्री जायसवाल

**व्यापारियों से की अपील छत्तीसगढ़ को बनाए टीबी मुक्त, कहा चेम्बर से बनाए स्वास्थ्य प्रभारी**

विजय मत, रायपुर



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं ईट्सा हास्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन चेम्बर भवन में किया गया।

शिविर का उद्घाटन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया और इस दौरान उन्होंने अपने कान का इलाज भी करवाया और कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना जरुरी है, बीमारी बढ़ने से पहले उसका रोकथाम करना आवश्यक है एवं सरकार इस दिशा में प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त बनायें और चेम्बर से स्वास्थ्य प्रभारी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान की व्यवस्था सरकार कर रही है लेकिन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। स्वास्थ्य मंत्री ने चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को उनके जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए चेम्बर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि सरकार व्यापारिक समुदाय के साथ मिलकर प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्तदान शिविर में चेम्बर महामंत्री के 104 वां रक्तदान पर स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें सम्मानित किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

# पीएम सूर्य घर योजना-ओमप्रकाश को मिली ऊर्जा स्वतंत्रता

विजय मत, रायपुर





भारत सरकार द्वारा शुरू की गई ‘पीएम सूर्य घर’ मुफ्त बिजली योजना’ का उद्देश्य देश के आवासीय घरों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए सशक्त बनाना है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 3 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है।

इसके अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार तथा राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रूपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। जिससे नागरिकों को आर्थिक रूप से राहत मिल रही है और अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा भी मिल रहा है। इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ उठाते हुए सतपता, विश्रामपुर के निवासी श्री ओमप्रकाश उपाध्याय ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। उन्होंने 7 मार्च 2025 को योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसके बाद डिस्कॉम के पंजीकृत वेंडर द्वारा सिस्टम लगाया गया। श्री उपाध्याय के अनुसार, उनके घर में रोज़ाना लगभग 12 से 13 यूनिट बिजली की खपत होती है, जबकि उनका सोलर सिस्टम 17 से 19 यूनिट प्रतिदिन बिजली उत्पन्न कर रहा है। नतीजतन, उनका बिजली बिल न केवल शून्य हो गया है बल्कि माइनस में चल रहा है, जिससे उन्हें हर महीने क्रेडिट यूनिट का लाभ भी मिल रहा है। वे कहते हैं, योजना वास्तव में आम जनता के लिए एक वरदान है। हर परिवार को इसका लाभ जरूर लेना चाहिए। इससे न केवल बिजली के खर्च से मुक्ति मिलती है।

## सरकार से मिल रही सब्सिडी, वेबसाइट या एप से कर सकते हैं पंजीयन

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत स्थापित सोलर रूफ-टॉप संयंत्र विद्युत ग्रिड से नेट मीटरिंग के माध्यम से जोड़ा जाता है। उपभोक्ता अपनी जरूरत से अधिक बिजली का उत्पादन कर ग्रिड को सप्लाई कर सकते हैं, जिससे उनका बिजली बिल शून्य होने के साथ-साथ अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। योजना के अंतर्गत एक किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र सरकार से 30 हजार रुपए और राज्य सरकार से 15 हजार रुपए यानि कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है। दो किलो वॉट पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपए और राज्य सरकार से 30 हजार रुपए तथा तीन किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित करने पर केंद्र सरकार से 78 हजार रुपए और राज्य सरकार से 30 हजार रुपए यानि कुल एक लाख आठ हजार रुपए का अनुदान प्राप्त होगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*। आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997